


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 04 अप्रैल 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 66 | मूल्य - 5 रुपये









## कांग्रेस विधायक भारती धोखाधड़ी के मामले में दोषी पाए जाने के बाद मप्र विधानसभा से अयोग्य घोषित..

**भोपाल, (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश में कांग्रेस के विधायक राजेंद्र भारती को धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद राज्य विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इसे ''लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन'' बताते हुए ''आधी रात'' में उठाया गया कदम करार दिया है।***

अधिकारियों ने बताया कि इस मुद्दे पर बृहस्पतिवार रात विचार-विमर्श के बाद विधानसभा सचिवालय ने दतिया सीट से भारती की सदस्यता समाप्त करने की अधिसूचना जारी कर दी। भारती ने 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्व गृह मंत्री एवं भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा को हराया था। गौरतलब है कि अधिसूचना में दिल्ली की एक अदालत द्वारा भारती को तीन साल के कारावास की सजा सुनाए जाने का उल्लेख करते हुए दतिया सीट को रिक्त घोषित किया गया है। यह अधिसूचना विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने दो अप्रैल की रात जारी की, जिसे शुक्रवार सुबह मीडिया को उपलब्ध कराया गया।

### अदालत ने मामले में यह सुनाया फैसला..

दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को भारती और बैंक के एक पूर्व कर्मचारी को 1998 से 2011 के बीच बैंक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर अवैध ब्याज भुगतान हासिल करने से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने भारती और पूर्व कैशियर रघुवीर शरण प्रजापति पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और जाली



दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करने के आरोपों में दोषी ठहराया गया है। यह मामला मूलरूप से दतिया का है, जिसे पिछले वर्ष अक्टूबर में उच्चतम न्यायालय ने निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के मद्देनजर दिल्ली स्थानांतरित कर दिया था। अदालत ने अपने फैसले में यह दलील खारिज कर दी कि आरोपी जन सेवक होने के कारण सरकारी अनुमति के बिना अभियोग नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने कहा कि धोखाधड़ी और जालसाजी कर्तव्य के निर्वहन का हिस्सा नहीं, बल्कि कर्तव्यहीनता है। अदालत के अनुसार, भारती और सह-आरोपी ने कथित रूप से बैंक के साथ धोखाधड़ी की साजिश रची और सावधि जमा (एफडी) की अवधि में हेरफेर कर तय अवधि के बाद भी अधिक दर पर ब्याज प्राप्त किया। अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि भारती द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध का लगाया गया आरोप महज अनुमान है और इसे साबित नहीं किया जा सका। यह मामला 1998 से 2011 के बीच बैंक अभिलेखों में हेरफेर और धोखाधड़ी से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार, भारती की मां (दिवंगत) सावित्री देवी ने 1998 में दतिया स्थित जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक में 10 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) कराई थी, जिसकी अवधि तीन वर्ष और ब्याज दर 13.5 प्रतिशत थी। आरोप है कि आरोपियों ने साजिश कर अभिलेखों में हेरफेर कर एफडी की अवधि को बढ़ा दिया और 2011 तक उच्च दर से ब्याज निकालते रहे, जिससे लगभग 18.5 लाख रुपये का अवैध लाभ हुआ। अदालत ने कहा कि उस समय बैंक के अध्यक्ष रहे भारती ने अपने पद का दुरुपयोग कर कर्मचारियों पर दबाव बनाया और भुगतान को संभव बनाया। मामले में सावित्री देवी के खिलाफकार्यवाही 2019 में उनके निधन के बाद

### बोले प्रदेश अध्यक्ष पटवारी..

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि दिल्ली की अदालत ने भारती को सजा के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया है लेकिन इसके बावजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने आधी रात को सचिवालय खुलवाकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। उन्होंने इस कार्रवाई को सरकार के दबाव में उठाया गया कदम बताते हुए ''लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन'' करार दिया। पटवारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ 'पेड न्यूज़' का मामला लंबित है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे भाजपा सरकार का दोहरा रवैया पता चलता है। इस बीच, कांग्रेस ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और विवेक तन्खा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में फैसले के खिलाफअपील दायर की है।

## अफगानिस्तान में 5.8 तीव्रता का भूकंप, काबुल में आठ लोगों की मौत..

**काबुल, (एपी)।**

उत्तरी एवं पूर्वी अफग़ानिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में शुक्रवार देर रात 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। काबुल के गवर्नर के प्रवक्ता ने बताया कि भूकंप के कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है। यह क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है और हाल के वर्षों में भूकंपों के कारण हजारों लोगों की जान गई है। 'यूरो-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर' और 'यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे' के अनुसार, शुक्रवार के भूकंप का केंद्र अफग़ानिस्तान के कुंदुज शहर से लगभग 150 किलोमीटर (93 मील) पूर्व में हिंदूकुश पर्वतमाला में था। भूकंप का केंद्र 180 किलोमीटर से अधिक की गहराई पर था। इसके झटके अफग़ानिस्तान और पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस्लामाबाद, पेशावर, चित्राल, स्वात और शांगला के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान के अधिकारियों ने भूकंप की तीव्रता 6.3 बताई है। अधिकारियों ने कहा कि भूकंप के कारण पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

पाकिस्तान मौसम विभाग के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र (एनएसएमसी) ने बताया कि भूकंप रात नौ बजकर 13 मिनट पर आया और इसका केंद्र अफग़ानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में 36.48 डिग्री उत्तर अक्षांश और 70.84 डिग्री पूर्व देशांतर पर 190 किलोमीटर गहराई में स्थित था।





### मध्यप्रदेश भाजपा में बढ़ा बालाघाट का गौरव..

## विधायक गौरव पारधी प्रदेश प्रवक्ता एवं पत्रकार निशांत बिसेन प्रदेश मीडिया पैनल में शामिल..

### पहली बार मीडिया क्षेत्र में बालाघाट को मिला स्थान..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जिले की राजनीति अब बदलाव की ओर है, और निश्चित ही आने वाला समय बालाघाट जिला विकास की तीव्र रफ्तार की ओर अग्रसित होगा। बालाघाट जिले की स्वर्णिम तकदीर लिखे जाने की उम्मीद अब इसलिये की जा सकती है क्योंकि भाजपा संगठन ने बालाघाट जिले के दो युवा चेहरों को प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ी महत्वपूर्ण जवाबदारियां सौंपी है, तथा भाजपा संगठन में काम करने वाले ये दो युवा चेहरे ऐसे हैं जिनके व्यक्तित्व और जिनके प्रयासों से ही उम्मीद और विश्वास जन्म लेता है।

जी हां, ऐसे ही युवा नेताओं में कटंगी के जुझारु युवा विधायक गौरव सिंह पारधी जिन्होंने कि गत चुनाव में जिले में विपरित राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद बड़े अंतर से जीत हासिल करके हुए पूर्व सांसद बोधसिंह भगत जैसे नेता को हराकर भाजपा का परचम लहराया था, तथा विधानसभा में अनेक मौकों पर जब विपक्ष भाजपा को घेरने तैयार खड़ा था, तब बड़े ही सटिक तथ्यों से गौरव पारधी ने सदन में विपक्ष की बोलती बंद कर दी थी। पढ़े लिखे सुशिक्षित एवं विनम्रता के साथ बेबाकी से अपनी बातों को रखने में माहिर गौरव पारधी की खूबियां निश्चित ही प्रदेश मीडिया प्रवक्ता के रुप में मध्यप्रदेश भाजपा को लाभान्वित करेंगी, ऐसी उम्मीद की जा सकती है, जबकि वहीं गौरव पारधी को प्रदेश प्रवक्ता के रुप में जो सम्मान दिया है, उससे उनकी राजनीतिक योग्यता को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर उभरने का भी अवसर प्राप्त होगा, जो कि उनके राजनीतिक कैरियर के लिये तथा बालाघाट जिले के स्वर्णिम भविष्य के लिये बेहतर होगा, ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

### मीडिया क्षेत्र में बड़ी ख्याति अर्जीत की निशांत बिसेन ने..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले से भोपाल तक पहुंचकर एक रीजनल चैनल में विगत अनेक वर्षों से बालाघाट के निशांत बिसेन को देखा जाता रहा है। निशांत बिसेन ने अपने पत्रकारिता के युग में अनेक बड़े दिग्गज राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेताओं के इंटरव्यू भी लिये, तो वहीं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने सवालों से निशांत बिसेन ने ऐसी छाप छोड़ी, जिसके कारण उनकी एक अलग पहचान स्थापित हुई। बालाघाट के ग्रामीण अंचल से होते हुए अब जबकि उनके अनेक चाहने वालों की ईच्छा थी कि वे भाजपा संगठन में जुड़कर कार्य करें, तो इस स्थिति में निशांत बिसेन को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के वरदहस्त से प्रदेश मीडिया पैनल में शामिल किया गया है, तथा माना जा सकता है कि प्रदेश स्तर पर होने वाली टीवी डिबेट आदि में विशेष रुप से निशांत बिसेन आगे नजर आते रहेंगे। इसी के साथ उनके भाजपा संगठन में प्रवेश करने से एक तरफ पवार समाज को तो वहीं दूसरी तरफ बालाघाट जिला भाजपा संगठन को एक और योग्य चेहरा प्राप्त हुआ है, ऐसा कहा जा सकता है। पत्रकारिता की तरह ही आने वाले समय में निशांत बिसेन किस तरह से राजनीतिक क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवाने में सफल होते हैं, तथा उनके राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने से भाजपा संगठन और बालाघाट जिला कितना लाभान्वित होता है, अब इसका इंतजार भी शेष दिखाई दे रहा है। बालाघाट के दो युवा चेहरों को प्रदेश संगठन में स्थान मिलने से दोनों ही नेताओं को आगे और प्रगति की शुभकामनाएं एवं बधाई का दौर भी शुरु हो गया है।

## आवश्यकता है..

*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है।*
*संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।*
*बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.)*
*संपर्क - 9244872544/9201340520*

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन अब सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. 9329033433*

## आवश्यकता है..

*ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वीं पास, युवती की आवश्यकता है।*
संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र)
मो. 9244872544/ 9201340520

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क करें..*
*मो. 9301210805, 7000671780*

## आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र)
मो. 9244872544/ 9201340520

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। संपर्क करें..
मो. 9425639000, 9300039839, 7693039839





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## धारनाकला में शिव पार्वती जी के विवाह प्रसंग पर मन्त्र मुग्ध हुऐ श्रोतागण..








जगप्रेरणा धारनाकला।

***धर्म की नगरी धारनाकला मे आयोजित शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस कथा वाचक देवी इंजिनियर गृशा शुक्ला के द्वारा भगवान शिव की विभिन्न कथाओ के साथ***

आज शिव पार्वती जी के विवाह प्रसंग पर श्रोताओ को मन्त्र मुग्ध कर दिया गया देवी गृशा शुक्ला ने कथा प्रसंग मे बताया की शिव जी और माता पार्वती का विवाह [शिव विवाह ] एक पौराणिक और अद्भुत प्रसंग है जो महा शिवरात्री के रूप मे मनाया जाता है सती के देह त्याग के बाद पार्वती के रूप मे जन्मी देवी ने कठोर तपस्या से शिव जी को प्रसन्न किया शिव जी ने भूतो पिशाचों और देवताओ की एक अनोखी बारात के साथ हिमालय के घर जाकर पार्वती के साथ विवाह किया।

कथा के विस्तार मे देवी गृशा शुक्ला ने बताया की सती के पुनर्जन्म के बाद माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप मे पाने के लिये कठोर तप किया शिव जी के जैसी अनोखी बारात जिसमे भूत प्रेत पिशाच नाग और सभी देवताओ को शामिल किया गया था जब शिव ने भयानक रूप धारण किया सिर पर गंगा गले मे सापं बदन पर भस्म यह देखकर माता पार्वती की माता मैना तक बेहोश हो गई थी और यह दृश्य देखकर ही माता पार्वती के निवेदन पर ही शिव जी ने एक अत्यन्त सुन्दर और दिव्य रूप धारण किया और भगवान विष्णु और अन्य देवताओ की उपस्थिति मे भगवान शिव पार्वती के विवाह सम्पन्न हुआ देवी गृशा शुक्ला ने अति महत्वपूर्ण बात बताते हुऐ कहा की यह प्रसंग भक्ति और समर्पण की चरम सीमा को दर्शाता है।

जहा पार्वती की निश्चल तपस्या ने शिव जी को बैराग से गृहस्थ जीवन मे लाया आज भगवान शिव की विवाह की झांकी निकाली गई तथा बडे हर्ष उल्लास के साथ भगवान शिव पार्वती का विवाह अति उमंग के साथ सम्पन्न हुआ वक्ता गृशा शुक्ला के भजनो मे भक्त जनो के पैर थिरक पडे और अति उत्साहित के साथ भक्तो तथा कथा पंडाल मे उपस्थित भक्तो ने भगवान की शिव विवाह कथा का श्रवण किया मातृ शक्ति द्वारा आयोजित शिव महापुराण मे अपार जन समुदाय तथा मातृ शक्ति प्रति दिन शिव अभिषेक के साथ कथा श्रवण कर रहे है।

## रुद्रावतार हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति का महासंगम, दिनभर गूंजते रहे जयकारे..

### अभिषेक, हवन, महाआरती और भंडारे में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल..



जगप्रेरणा सिवनी।

***हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को जिला अस्पताल के सामने सर्किट हाउस चौक स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में भव्य और दिव्य धार्मिक आयोजन हुआ।***

सुबह से लेकर देर रात तक चले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे हनुमान जी के अभिषेक पूजन से हुई,जिसमे विद्वान पुरोहितों एवं मंदिर के पुजारी अर्जुन पण्डा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हनुमान जी महाराज का पूजन किया गया। इसके बाद हनुमान जी का आकर्षक चोला श्रृंगार कर भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। दोपहर 2 बजे से हवन का आयोजन प्रारंभ हुआ, जो शाम तक चला। हवन के बाद श्री राम स्तुति एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं 108 दीपो से महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। शाम 5 बजे मंदिर समिति द्वारा गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो बालरूप हनुमान मंदिर, शुक्रवारी चौक पहुंची, जहां महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया।शाम 6 बजे से शुरू हुआ विशाल भंडारा देर रात तक चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, खीर सहित विभिन्न प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। मंदिर समिति एवं स्वयंसेवकों ने सुव्यवस्थित ढंग से प्रसाद वितरण कराया, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी। रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने हनुमान जी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति संगीत में लीन रहे।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा, साफ-सफाई, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर रुद्रावतार हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और उत्साह का केंद्र बना रहा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

## छपारा पुलिस ने अंधे हत्याकांड का 24 घण्टे में किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार..

जगप्रेरणा सिवनी।

***फरियादी अशोक पिता कढोरी झारिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम मुंडरई थाना छपारा ने रिपोर्ट किया कि इसकी माँ लली बाई झारिया दिनांक 31.03.2026 को घर से शाम 4.30 बजे ग्राम मुंडरई के चुरकीवारी जंगल मे महुआ बीनने गई थी रात करीबन 7 बजे तक लली बाई झारिया घर वापस नही आयी तो पता तलाश***

करने पर लली बाई झारिया का शव चुरकीवारी जंगल मे सूखे सागौन के पेड के नीचे चित अवस्था मे पडा हुआ मिला जिसके चेहरे एवं सिर में गंभीर चोट के निशान थे एवं चेहरा खून से लथपथ था थाना छपारा मे मर्ग क्रमांक 16/2026 धारा 194 **BNSS** कायम कर जाँच प्रारम्भ की गई।

घटना को गंभीरता से लेते हुए छिन्दवाडा से एफएसएल टीम, सिवनी से, फिंगर प्रिन्ट विशेषज्ञ एवं डाग स्काट टीम व्दारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। तो घटना स्थल से कुछ दूरी पर घटना में प्रयुक्त खून से सनी हुई सागौन की लकडी जप्त की गई एवं प्रारम्भिक जाँच पर मृतिका लली बाई की अज्ञात व्यक्ति के व्दारा हत्या करना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 149/2026 धारा 103(1) **BNS** का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

यह कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनील कुमार मेहता पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के अज्ञात आरोपी की तलाश कर मामले का निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया। छपारा पुलिस टीम व्दारा कार्यवाही करते हुए मृतिका के परिजनो, ग्रामवासियो एवं मुखबिरो से उक्त घटना घटित होने के कारणो पर चर्चा कर सूक्ष्मता से पूछताछ की गई। जो ग्रामीणो, परिजनो एवं मुखबिरो व्दारा रिश्तेदार महेश कुमार झारिया पर हत्या करने का संदेह होना बताया। दौरान विवेचना के संदेही महेश कुमार झारिया को हिरासत में लेकर सूक्ष्मता से पूछताछ की गई जिसने बताया कि वह शादी के बाद से घर जमाई होकर ग्राम मुंडरई में रह रहा है, मृतिका लली बाई का रिश्ते मे नंदोई भाई लगता है जिसने ढाई एकड जमीन मृतिका लली बाई के परिवार से अपनी पत्नी के हिस्से में ले लिया था इसी बात को लेकर मृतिका लली बाई, आरोपी महेश कुमार झारिया को अक्सर अपशब्द कहकर अपमानित करती थी। घटना दिनांक 31.03.2026 को भी ग्राम मुंडरई के चुरकीवारी जंगल मे आरोपी व्दारा इकट्ठी की गई जलाऊ लकडी मृतिका व्दारा ले जाने पर दोनो के बीच मे वाद विवाद होने से गुस्से में आकर आरोपी व्दारा वही पडी सागौन की सूखी लकडी से मृतिका लली बाई के सिर एवं चेहरे पर लगातार वार कर मृतिका लली बाई की हत्या कर देना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है एवं आरोपी से घटना के समय पहने हुए कपडे जप्त किए गए है। जिसे दिनांक 03.04.2026 को माननीय न्यायालय रिमांड पर पेश किया जायेगा।

**गिरफ्तार आरोपी**

महेश कुमार झारिया पिता रामचरण झारिया उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम मुंडरई थाना छपारा जिला सिवनी।

**जप्ती**-घटना के समय पहने हुए कपडे।

### सराहनीय कार्य

निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उपनिरी सुक्लूलाल उईके, उपनिरी मन्जू राहंगडाले, सउनि भुजबलसिंह प्रजापति, सउनि सुखदास मर्सकोले, प्रआर विनोद बघेल, मूलसिंह उईके, आरक्षक गजानंद वर्मा, रामनरेश कैथवास, रतिभानशा इवनाती, राधा तेकाम।

## जल गंगा संवर्धनअभियान अंतर्गत कलेक्टर ने जल स्रोतों के संरक्षण संवर्धन का दिया संदेश



जगप्रेरणा केवलारी।

विकासखंड केवलारी के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्राम पंचायत बिछुआ रैयत के ग्राम सिद्ध घाट पहुंचकर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अंतर्गत श्रमदान कर घाट की साफ-सफाई की। इस अवसर पर जनपद पंचायत केवलारी के अध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर, एसडीएम महेश अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि वैनगंगा नदी के तट पर स्थित यह सिद्ध घाट स्थल अत्यंत रमणीय है, इस स्थल की स्वच्छता और संरक्षण कर इसे और आकर्षक बनाने की बात कही। उन्होंने जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण संवर्धन को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए अभी से जल संरक्षण का संकल्प लेना आवश्यक है तथा हम सभी को वृक्षारोपण और जल स्त्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## धनौरा में आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश, मौसम ने ली करवट




जगप्रेरणा धनौरा।

***नगर धनौरा में आज मौसम ने अचानक करवट लेते हुए आंधी-तूफान, गरज-चमक और तेज बारिश का दौर देखने को मिला।***

दोपहर लगभग 3:00 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जो करीब आधे घंटे तक जारी रही। बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण वातावरण में ठंडक घुल गई और गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि, तेज हवा और गर्जना के चलते कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित रहा। शाम को एक बार फिर लगभग 6:45 बजे से बारिश का दूसरा दौर शुरू हुआ, जो करीब आधे घंटे तक चला। लगातार दो बार हुई बारिश से मौसम पूरी तरह से बदल गया और शहर में ठंडक का एहसास बढ़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक बदले इस मौसम ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं आंधी-तूफान के कारण सावधानी बरतने की भी आवश्यकता महसूस हुई।

## चतुर्थ समय मान वेतनमान प्राप्त होने पर शिक्षकों में हर्ष

जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा शिक्षक दिवस की अवसर पर सभी उच्च श्रेणी शिक्षक सहायक शिक्षक प्राथमिक शिक्षक को चतुर समय मान वेतनमान प्रदान करने की घोषणा की गई थी इसी तारतम में विगत माह भोपाल में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश के***

मुख्यमंत्री डॉ यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राहुल उदय प्रताप सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था इन सब बातों को मध्य नजर रखते हुए कल मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी उच्च श्रेणी शिक्षक सहायक शिक्षक प्राथमिक शिक्षा के माध्यमिक शिक्षकों को भी 1 जुलाई 2023 एवं उसके पश्चात 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण की हैं

समय मान वेतनमान प्रदान करने के आदेश जारी कर दिए गए शिक्षकों को इस उपलब्धि प्रदान करने में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर छत्रवीर सिंह राठौर एवं समस्त प्रांतीय कार्यकारिणी ने लगातार अपने अथक प्रयास के माध्यम से बार-बार मंत्रालय तथा लोक शिक्षण आयुक्त के चक्कर लगाकर इस कार्य को पूर्ण कराया है सिवनी जिले के समस्त लाभान्वित शिक्षक प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर राठौड़ का एवं उनकी प्रांतीय कार्यकारिणी का हृदय से आभार व्यक्त करती है क्योंकि इस आदेश के जारी होने से प्रदेश के सभी शिक्षक को लगभग तीन से`5000 का वित्तीय लाभ होने की संभावना है।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक संगठन मंत्री अनिल शर्मा जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल पटले एवं समस्त विकासखंड तहसील एवं नगर की शाखों ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की है तथा प्रांतीय कार्यकारिणी से भविष्य में भी आगामी समय में प्रदेश के अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग भी प्रमुखता से रखी है जिसे प्रांत अध्यक्ष छत्रवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि यह मांग भी शिक्षकों की शीघ्राती शीघ्र पूर्ण होगी शिक्षक नियमित रूप से अपने विद्यालय तथा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के भविष्य पर ध्यान दें।

## प्रवेश उत्सव मे छलका शिक्षको का दर्द..

### 1000 छात्र छात्राऐ 8 कमरे, पेयजल समस्या से जूझ रहा विधालय..

जगप्रेरणा बरघाट।

***मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग 1 अप्रैल 2026 से स्कूल चले हम अभियान के अन्तर्गत प्रवेश उत्सव मना रहा है जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलो मे बच्चो का शत प्रतिशत नामांकन***

सुनिश्चित करना है और इस दौरान 01 से 04 अप्रैल तक निशुल्क पाठ्य पुस्तके स्कूल किट का वितरण और भविष्य से भेट जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर स्कूलो और विदधालयो मे जन प्रति निधियो को भी आमंत्रित किया गया था प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस शासन के आदेशानुसार विदधालयो मे निशुल्क पुस्तके तथा सायकल का वितरण भी किया गया इसी बीच शिक्षको ने विधालय मे जो कमी है दर्द भरे लफ्जो मे बया भी किया जिससे सरकारी विधालय आज जूझ रहे है पर इस दिशा मे सरकार तथा हमारे जन प्रति निधियो तथा प्रशासन का ध्यान क्यो नही है.




### 1000 छात्र छात्राऐ कमरे हाल आठ..

उल्लेखनीय है की शासकीय उच्चतर विधालय धारनाकला मे एक हजार छात्र छात्राऐ अध्यन रत है और छात्र छात्राओ की बैठक व्यवस्था की बात करे तो विधालय मे मात्र आठ कमरे हाल के रूप मे मौजूद है और एक कमरे मे इतने बच्चो का भविष्य सवर रहा है हाल मे बमुश्किल चालीस से पचास बच्चे ही बैठकर शिक्षा अध्ययन कर सकते है किन्तु धारनाकला विधालय मे एक ही हाल सौ से अधिक बच्चो को बिठाकर नीव मजबूत की जा रही है हकीकत तो ये है की इन सकरे कमरों तथा हाल मे बच्चो को सासं लेने मे भी घुटन महसूस होती है क्योकि एक ही बेचं पर तीन से चार छात्र छात्राऐ बैठकर शिक्षण का कार्य पूर्ण करते नजर आ रहे है और इस समस्या की मांग विधालय प्रबंधन द्वारा अनेको बार की जा चुकी है किन्तु वर्षो से कल का भविष्य की ओर क्यो ध्यान नही.

### पेयजल का अभाव..

शासकीय विधालय धारनाकला मे विगत लम्बे समय से छात्र छात्राऐ पेयजल समस्या से भी जूझ रहे है वैसे तो विधालय मे 1000 छात्र छात्राऐ तथा 35 शिक्षको से यह विधालय सजा हुआ है किन्तु इस विधालय मे समस्याए इतनी है की जिसे सुनकर अतिथियो की आखे भी नम हो गई शिक्षको ने प्रवेश उत्सव से तो मनाया किन्तु अपने विधालय की समस्याओ को भी दर्द भरे लफ्ज़ मे बया किया है

### सासंद व विधायक निधि शिक्षा क्षेत्र मे क्यो नही..

जहा जिले के अधिकांश स्कूलो मे विभिन्न समस्याओ के साथ साथ स्कूल बिल्डिंग जर्जर हालत मे तथा छात्र छात्राओ की बैठने की सुचारू व्यवस्था नहीं है इसके बाद भी सरकार से प्राप्त सासंद विधायक निधि का उपयोग आखिर शिक्षण संस्थानो पर क्यो नही किया जा सकता जबकि सरकार से प्राप्त सासंद तथा विधायक निधि का उपयोग जरूर पंचायतो मे देखा जा सकता है और लाखो रूपये की राशि के कार्य ठेकेदारी प्रथा के रूप मे पंचायतों मे पूर्ण हो रहे है और इन कार्यो पर घटिया स्तर के निर्माण को लेकर अनेको आरोप सामने आ चुके है क्या सरकार से प्राप्त सासंद तथा विधायक निधि का उपयोग ऐसे स्कूलो तथा विधालय मे नही किया जा सकता है जहा अनेको समस्याए नौनिहाल और कल का भविष्य सजोने वाले बच्चो से जुडी हुई है।

### तेंदनी में 2 महीने से पेय जल सप्लाई बंद, ग्रामीणों में आक्रोश..



जगप्रेरणा छपारा।

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदनी में 2 महीने से प्रेय जल सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है तेदनी में नाली निर्माण कार्य करते समय पाइपलाइन काट दिया या गया था परंतु अभी तक पाइपलाइन का सुधार कर नहीं किया गया जिसे लेकर ग्रामीण प्रेयजल के लिए काफी परेशान है। ग्राम तेंदनी में पिछले लगभग दो महीनों से गांव में पानी की भारी समस्या बनी हुई है। जानकारी के अनुसार गांव में पिछले 2-3 महीनों से नाली निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। नाली निर्माण के दौरान नल-जल योजना की पाइपलाइन काट दी गई, जिसके कारण गांव में पानी सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी जनपद पंचायत के अधिकारियों को कई बार बता दी गई, लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही पाइपलाइन सुधारी गई ना पेयजल की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पाइपलाइन ठीक कर पानी सप्लाई शुरू कराने की जन अपेक्षा है।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# वीरों का बलिदान हम सभी के लिये सीख व प्रेरणा का विषय - जालम सिंह पटेल

## 28 अप्रैल को भोपाल में होगा राजा हिरदेशाह लोधी की पूण्यतिथि पर शौर्य दिवस कार्यक्रम..

## बालाघाअ में आयोजित लोधी महासभा की विशाल बैठक में भोपाल चलने का किया आह्वान..







**जगप्रेरणा बालाघाट।**

*वीरों का बलिदान हम सभी के लिये सीख व प्रेरणा का विषय हैं। वीरांगना रानी अवंती ने महज 27 साल की उम्र में बेटी, पत्नी, मां और वीरांगना बनने का गौरव प्राप्त किया। राजा हिरदेशाह की एक चार जिलों में अलग-अलग रियासत होने के बावजूद उन्होने गुलामी* को स्वीकार नहीं किया बल्कि अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफसंघर्ष किया। सन 1842 की क्रांति का उन्होने बिगुल बजाया और 18 महीने तक लगातार संघर्ष किया। जेल में भी समय बिताया। अंग्रेजी हुकुमत ने उनकी सारी रियासत को जप्त कर ली। यहां तक कि उनकी जो आज पीढ़ी हैं उनके पास एक भी जमीन नहीं थी। ऐसे योद्धाओं का बलिदान हमारे युवाओं और मातृशक्ति की ताकत का एहसास कराती हैं।

राजा हिरदेशाह की आगामी 28 अप्रैल को पूण्यतिथि है और इस अवसर पर भोपाल के जबुंरी मैदान में विशाल शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित तमाम जनप्रतिनिधियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों सहित सभी को आमंत्रित किया जाता हैं। लोधी समाज की सहभागिता की ज्यादा अपेक्षा हैं। उक्ताशय के सारगर्भित उद्‌गार पूर्व मंत्री व अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने व्यक्त किये। बता देवें कि आज 3 अप्रैल को जिला लोधी महासभा के नेतृत्व में विशाल बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जालम सिंह पटेल, युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सर्वजीत सिंह लोधी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, विधायक राजकुमार करांहे, जिला लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर समाज के तमाम संगठन के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। वीरांगना अवंती बाई व राजा हिरदेशाह के तैल्य चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन और पुष्पांजली अर्पित करने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

### इन्होने भी किया संबोधित..

युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने युवाओं का आह्वान करते हुये उन्हें हर अवसर पर सहयोग करने की बात कहते हुये भोपाल के आयोजन में सहभागिता करने की बात कही। विधायक अनुभा मुंजारे ने लोधी समाज के एकता व एकजूटता पर जोर देते हुये कहा कि हम सभी को सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। यहां पर आयोजित हुई इस बैठक के माध्यम से हम सभी को यही संकल्प करना हैं कि हमारे महान वीर सपूतों के बलिदान के साथ ही हमें अपनी शिक्षा, संस्कार को भी मजबूती प्रदान करना हैं। विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि लोधी समाज बहुत बड़ा समाज हैं। जिसकी संख्या बालाघाट ही नहीं पूरे देशभर में हैं। यह ऐसा समुदाय है जिसका अपना इतिहास है। स्वतंत्रा संग्राम में हमारे वीरों का बहुत योगदान हैं। उन्होने भोपाल में होने जा रहे शौर्य दिवस कार्यक्रम में लोधी समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह अधिकाधिक संख्या में शामिल होवें।

### यह रहे प्रमुख रुप से उपस्थित..

इस कार्यक्रम में टीकाराम सौलखे, बी.एल.लिल्हारे, दिलीप उपवंशी, जितेंद्र मोहारे, शौकत बिसाने, धर्मपाल सिंह नगपुरे, गगन नगपुरे, दुर्गा सौलखे, सी.डी.नगपुरे, डॉक्टर विजय बरैया, रामसिंह पटेल, रामचंद सिहोरे, सुखदेव मुनि कुतराहे, यशवंत लिल्हारे, राकेश बनोटे, दुर्गा सौलखे, सी.डी.नगपुरे, प्रभुलाल पिछोड़े, चुमेश लिल्हारे,सावन पिछोड़े, भोजराज गहगहे, गुड्डू नगपुरे, चंदर दमाहे, गंगाप्रसाद लिल्हारे, आतिश लिल्हारे, गौरीशंकर मोहारे, शैलेंद्र ठकरेले, राजेश लिल्हारे, डॉक्टर लक्ष्मण कुर्राहे, पवन नगपुरे, दुर्गा प्रसाद पगरवार, अनिल नगपुरे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती शीला नगपुरे, प्रदेश महामंत्री गौरी लिल्हारे, श्रीमती रितु मोहारे, श्रीमती अंबिका नगपुरे, श्रीमती सपना विजय मसखरे, पूनम गणेश लिल्हारे, श्रीमती रत्ना नगपुरे,सुलभा नगपुरे, सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश नगपुरे व आभार प्रदर्शन जिला लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे द्वारा किया गया।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सख्त..

## प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेण्डर वितरण के निर्देश

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के पालन में राज्य शासन ने एलपीजी सिलेंडरों के वितरण के लिए प्राथमिकता क्रम तय किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं प्राप्त मांग के आधार पर ही कमर्शियल तथा एग्जेमटेड कैटेगरी के गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी।

इस संबंध में सभी संबंधित एजेंसियों और वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे ऑयल कंपनियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही पात्र कनेक्शनधारियों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो और आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध हो सके।

# मत्स्यपालन के लिए केज कल्चर लगाने 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित..

## केज कल्चर लगाने के लिए शासन से मिलेगा 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मध्यप्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026÷ लागू कर दी गई है। मंत्रालय भोपाल से जारी आदेश के अनुसार राज्य में हितग्राही मूलक योजना ÷केज कल्चर÷ के अंतर्गत कुल 10 हजार केज स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नीति के अनुसार 100 से 1000 हेक्टेयर तक के चयनित जलाशयों में योजना का संचालन मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा किया जाएगा, जबकि 1000 हेक्टेयर से बड़े जलाशयों में इसका क्रियान्वयन मत्स्य महासंघ के माध्यम से किया जाएगा। योजना के तहत प्रति हितग्राही अधिकतम 18 केज तथा प्रति समिति या संस्था को अधिकतम 72 केज आवंटित किए जा सकेंगे। इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परंपरागत मछुआरे, स्व-सहायता समूह तथा मत्स्य सहकारी समितियां पात्र होंगी। सहायक संचालक मत्स्योद्योग सुश्री पूजा रोडगे ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (क्करूरूस्ङ्घ) के अंतर्गत स्थापित होने वाले इन केजों पर अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्ग की महिलाओं को प्रति केज इकाई लागत 3 लाख रुपए पर 60 प्रतिशत (1.80 लाख रुपए) तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुषों को 40 प्रतिशत (1.20 लाख रुपए) अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं चयन कलेक्टर द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा तथा केज का आवंटन लॉटरी पद्धति से होगा। बालाघाट जिले के इच्छुक मछुवारे एवं मछुआ समिति केज कल्चर लगाने के लिए कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, बालाघाट में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यह योजना प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने एवं मछुआरों की आय में वृद्धि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

वृद्ध माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण अधिकरण, बालाघाट द्वारा भटेरा चौकी स्थित वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर अधिकरण के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीमती मंजूलता महोबिया, सुलह अधिकारी अधिवक्ता बी.आर. भैरम, सदस्य श्रीमती फिरोजा खान, पुलिस हमदर्द सेल के शैलेन्द्र शुक्ला एवं श्रीमती रुपरेखा नगपुरे उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने वृद्धाश्रम में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अधिकरण द्वारा वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था करने, आवश्यक रैक (अलमारी) लगाने, स्वच्छ एवं आरामदायक गद्दे उपलब्ध कराने, टीवी नियमित रूप से चालू रखने, शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, गर्मी को देखते हुए कूलर की व्यवस्था करने तथा पीने के लिए ठंडे पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकरण ने संबंधित प्रबंधन को निर्देशित किया कि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी देखभाल एवं आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

# योग्य कार्यकर्ता निर्माण ही भाजपा का ध्येय : अभिलाष मिश्रा

## पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान मंडलों में जारी..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर चल रहे पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत जिले के दो दिवसीय प्रवास पर आए भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा मंडल समनापुर, बालाघाट ग्रामीण और हट्टा के प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित हुए। वहीं 27, 28 मार्च को कटंगी विधानसभा और 29, 30 को वारासिवनी विधानसभा के मंडलों में सुचारू रूप से संचालित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की व्यापक तैयारियों का जायजा लेकर जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की बैठक ली। साथ ही आमजन, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भेंट की। इस दौरान डॉ. नरेंद्र भैरम, जितेन्द्र चौधरी प्रवास प्रभारी की भूमिका में रहे।

### व्यवहार कुशल, लोक संग्रही: भाजपा जिला प्रभारी

तारतम्य में जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने कहा, किसी भी संगठन की विकास यात्रा मे विचार के प्रति निष्ठावान, ध्येय के प्रति समर्पित, व्यवहार कुशल एवं लोक संग्रही कार्यकर्ताओं का योगदान ही आधार होता है। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपनी सरकारों की उपलब्धियों के साथ समाज को जोड़ते हुए पार्टी का विस्तार आज की आवश्यकता है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहायक योग्य कार्यकर्ता निर्माण ही प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य है।

### समर्पित कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका: रामकिशोर कांवरे

सर्व विदित है कि, भारतीय जनता पार्टी ने योग्य कार्यकर्ता निर्माण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 प्रारंभ किया है। यह कहते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहा, राजनीतिक क्षेत्र में भारतीय जनसंघ से प्रारम्भ होकर भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान यात्रा तक अपने राष्ट्र को प्रथम रखकर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी निष्ठावान कार्यकर्ता से समर्पण भाव से जुटने का आव्हान किया। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने दी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जितेंद्र सिंह मोहारे, गोपाल आडवाणी, अजय मेश्राम, जिला महामंत्री डां नरेंद्र भैरम, जिला मंत्री अरूणा गजभिए, प्रशिक्षण जिला सह प्रभारी जितेंद्र चौधरी, जैनेंद्र कटरे, निरंजन बिसेन, मंडल अध्यक्ष- संदीप मिश्रा, वेदप्रकाश पटले, आरंभा भीवराम मात्रे, नरेंद्र शुक्ला, मिलिंद नागपुरे, संतोष तुरकर, पुष्पेंद्र देशमुख, मेश देशमुख, वरुण देशमुख, मुकेश चौकसे, सौरभ ठाकरे, अविनाश देशमुख, योगेश सोनवाने, ज्ञानेश राहँगडाले, श्रीमती दीपेश्वरी लिल्हारे, तेजलाल चौधरी, प्रफुल्ल बिसेन, श्रीमती धर्मकला देशमुख, सौरभ पटेल, अरविंद देशमुख, प्रकाश सोनवाने, दीप चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है..
ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12 वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/युवती की आवश्यकता है।
- संपर्क -
9244872544/

# 6 अप्रैल को समर्पण भाव से मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

## बालाघाट में होगा अटल प्रतिमा, अटल उद्यान का अनावरण, कार्यकर्ता सम्मेलन में लेगें राष्ट्र प्रथम के मूलमंत्र संकल्प - रामकिशोर कांवरे



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कल भाजपा के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस, सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन, कार्यालय निकट अटल प्रतिमा और अटल उ़द्यान का अनावरण सुनिश्चित किया गया है। उक्त आयोजन प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्यातिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद भारती पारधी, भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, पूर्व मंत्री प्रदीप गुडडा जायसवाल, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, डॉ. टीडी वैध, भगतसिंह नेताम, रमेश रंगलानी, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष लता एलकर, नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि प्रमुख तौर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा, 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस है। इस दिवस को समर्पण भाव, जनकल्याण, हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह के साथ दीपोत्सव की तरह हरेक बूथ, मंडल और जिला स्तर पर मनाया जाएंगा। बेला में 6 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय में आहुत सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्र प्रथम के मूलमंत्र संकल्प लेगें। साथ ही अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत अटल जनशताब्दी के शुभ अवसर पर जिला भाजपा कार्यलय के समीप शुचिता और सुशासन के प्रतिक, अजात शत्रु, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी वाजपेई की आदमकद प्रतिमा और अटल उद्यान का अनावरण होगा। गरिमामय क्षण में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं से उपस्थिति का आग्रह है। इसके निमित्त पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सफ्ल क्रियांवन हेतु सौंपी गई है। वहीं गांव-बस्ती चलो अभियान चलाया जाएंगा। आशय जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने दी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडेय, डॉ. नरेन्द्र भैरम, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, कन्हैया चौहान, सुरजीत सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी, मीना रांहगडाले, सरिता सोनेकर, गरिमा गौतम, अर्चना गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डिल्लन सिंह ताराम, मोनिल जैन, मनोज हरिनखेरे, राजेश लिल्हारे, विशाल मंगलानी, खिमेन्द्र गौतम, संतोष सिंगारे, अखिलेश चौरे, राहुल जेमी जेमईवार सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935



# ग्राम समरिया में जल पर्यावरण एवं भूमि सुपोषण पर जल जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर जिला बालाघाट के अंतर्गत कोयलीखापा सेक्टर क्रमांक 05 में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला समन्वय श्री सुनील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटेल के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 31 3.2026 को ग्राम समरिया में***





नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति गढ़ी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति समरिया के संयुक्त तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जगरूकता गोष्ठी का सफ्ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही।

इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती अनीता धुर्वे विकासखंड स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की सदस्य एवं सरपंच गढ़ी सुश्री रोशनी मरावी ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी श्री आकाश एडे समिति के अध्यक्ष श्री शीतल सिंह धुर्वे सचिव श्री उदेल लिल्हारे, (ग्राम पंचायत समरिया) ईको विकास समिति अध्यक्ष श्री गणपत मेरावी पंच श्री देवल सिंह धुर्वे पेशा मोबिलाइजर दुर्गेश्वरी मरकाम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गोष्ठी के दौरान उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण जल संवर्धन भूमि सुपोषण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्षा जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया।

ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी श्री आकाश एडे जी द्वारा मिट्टी परिक्षण के बारे में बताया एवं साइल हेल्थ कार्ड बनाने हेतु निःशुल्क मिट्टी परिक्षण कराने की अपील कि, मिट्टी को उपजाऊ बनाने हेतु कई युक्तियां बताई।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण में जल के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु प्रीति कर रहा उपस्थित ग्रामीणों ने जन संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गोष्ठी के सफ्ल आयोजन में नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति के अध्यक्ष अमित पाटिल का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर वितरित की पाठ्य पुस्तकें, निरंतर परिश्रम का दिया संदेश..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ ही विकासखंड परसवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में नवप्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।***





इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परसवाड़ा विधायक मधु भगत रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, महेंद्र तिवारी, सुधीर पटले, अशोक चावले एवं अनील त्रिवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडी ठाकरे, प्राचार्य शिवकुमार मानेश्वर, बीआरसी अरुण बिठले तथा गंगोत्री प्रसाद गौतम सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। विधायक मधु भगत ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा करते हुए नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें एवं विद्यालय गणवेश वितरित किए। इस दौरान शिक्षकों द्वारा भी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य छात्रों को प्रारंभ से ही शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। विधायक मधु भगत ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में कठिन समय अवश्य आता है, लेकिन हार मानना समाधान नहीं है। निरंतर मेहनत और लगन से ही सफ्लता प्राप्त होती है। उन्होंने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सोनल राज वानखेड़े, मिथुन सैनी, देवेंद्र सेन, राजेन्द्र सिंह, एस गौतम, अजीत वासनिक, आशिष डोंगरे, प्रेमलता पटले, जयश्री सोनी, मनीषा गौतम, सुनिति धुर्वे, मोनिका देशमुख, दुर्गावती राहंगडाले, संजीव उइके, पवन माहुले, राजू रिनायत, राजकुमार मराठे, बालचंद गौतम, नरेंद्र चौधरी, तिलक बागड़े, रवि पटले, भूमेश टेम्भरे, अमर मांडेकर, लीना पटले, एकता रंगारे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

जगप्रेरणा परसवाड़ा।





पशु चिकित्सा विभाग, बालाघाट के अंतर्गत पशु चिकित्सालय परसवाड़ा में कार्यरत रही श्रीमती राजदुलारी बाई बनवाले के सेवानिवृत्त होने पर 31 मार्च 2026 को एक गरिमामय एवं भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। वे संस्था में भ्रमण सेवक (भृत्य) के पद पर लंबे समय तक पदस्थ रहीं और अपनी सेवाएं निष्ठापूर्वक प्रदान करती रहीं। अपने सेवाकाल के दौरान श्रीमती बनवाले ने सदैव अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, लगन एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया। उनकी कार्यशैली, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण वे सहकर्मियों के बीच अत्यंत सम्मानित रहीं। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदेव मर्सकोले, डॉ. मनिषा कुशराम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी आर.के. सोनी एवं ए.के. चौधरी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमती बनवाले ने सभी सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। इस दौरान वातावरण भावुक होने के साथ-साथ सम्मान और आत्मीयता से परिपूर्ण रहा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बांदरी,

जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 26.03.2026

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत बांदरी में वितीय वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा),पंच परमेश्वर,5 वां, 14 वां व 15 वां 16 वित्त आयोग, स्वकराधान मद , स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 06/04/2026 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत बांदरी में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गद्दू(पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री,वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेंट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

यंकट राहंगडाले — सरपंच
धनेन्द्र हिरकने — सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत बांदरी जनपद पंचायत लालबर्रा

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द,

जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 26.03.2026

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द में वित्तीय वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा),पंच परमेश्वर,5 वां, 14 वां व 15 वां 16 वित्त आयोग, स्वकराधान मद , स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 04/04/2026 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गद्दू(पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री,वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेंट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था,मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

अनीता धनेन्द्र राणा — सरपंच
जितेन्द्र लानगे — सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, कार्यालय ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द, जनपद पंचायत लालबर्रा

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सख्त..

### प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेण्डर वितरण के निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।

जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के पालन में राज्य शासन ने एलपीजी सिलेंडरों के वितरण के लिए प्राथमिकता क्रम तय किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं प्राप्त मांग के आधार पर ही कमर्शियल तथा एग्जेमटेड कैटेगरी के गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में सभी संबंधित एजेंसियों और वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे ऑयल कंपनियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही पात्र कनेक्शनधारियों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो और आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध हो सके।

## न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट

रा.प्र.क्र031/ड-154/वर्ष 2025-26
मौजा- छपरवाही प.ह.न. 53

**ईश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण एवं आम जनता ग्राम छपरवाही तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनिता पति विरु जाति गोंड निवासी ग्राम छपरवाही तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपनी सास फुलमा पति तेजलाल की मृत्यु तिथि 10.01.2006 को ग्राम छपरवाही में मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति की इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित्त दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 10/04/ 2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 13/03/2026
नियत दिनांक 10/04/2026

नायब तहसीलदार
उकवा

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाहकल

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बाहकल जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 04/04/2026 से 09/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती बिन्दु सोनसिंह धुर्वे — सरपंच
श्री राजीव पंचेश्वर — उप सरपंच
श्री शम्भू टेम्भरे — सचिव
श्री उपदेश मराठे — रोजगार सहायक
श्रीमती कांति पंचतिलक — मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत हर्राभाट (म)

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत हर्राभाट (म) जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 04/04/2026 से 09/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती लक्ष्मी दिनेश धुर्वे — सरपंच
श्रीमती दीपिका राकेश धुर्वे — उप सरपंच
श्री टेमीचंद राहंगडाले — सचिव
श्री अर्जुन सिंह धुर्वे — रोजगार सहायक
श्रीमती रमाकांत दीपक सोनवणे — मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोहका

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत कोहका जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 04/04/2026 से 09/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती संगीता मेरावी — सरपंच
श्री घनश्याम राठौड़ — उप सरपंच
श्री राम शी ढोढरे — सचिव
श्री हेमन्त पटले — रोजगार सहायक
श्रीमती रचना टेकाम — मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिरवा

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बिरवा जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 04/04/2026 से 09/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती सुंदरी बदन मेरावी — सरपंच
श्री हीरासिंह पुषाम — उप सरपंच
श्री झितुलाल परते — सचिव
श्रीमती शांति परवार — रोजगार सहायक
सुश्री भगवंती पट्टावी — मोबेलाईजर












दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# श्रीरामकथा विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की देती है प्रेरणा.. प्रदीप जायसवाल

## ग्राम कायदी में रामनवमी से हनुमान जयंती तक एक साथ आयोजित हुयी दो बडी धार्मिक कथा, हजारो भक्तो ने लिया धर्मलाभ..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***ग्राम कायदी में रामनवमी से हनुमान जयंती तक आयोजित एक साथ दो बडी कथा संगीतमय श्रीराम कथा एवं श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह मे शामिल होकर ग्रामीणो ने अपने भक्तिभाव का प्रदर्शन कर धर्म लाभ लिया।***







दोनो कथाओ के समापन पर शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व न पा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, न पा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे,श्रीमती मनीषा पिपरेवार आदि ने व्यासपीठ को नमन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर संत श्री राधिकाशरण जी महाराज,सुश्री राधकिशोरी जी, सुश्री श्यामाकिशोरी जी व्रन्दावनधाम से भी आशीर्वाद प्राप्त कर भक्तों के सैलाब को सम्बोधित करते हुए गुड्डा भैया ने कहा की एक साथ दो बड़ी कथाओं के आयोजन का उद्देश्य मानव जीवन को मर्यादित, भक्तिमय और सत्कर्म की ओर प्रेरित कर ईश्वर से जोड़ना है। यह कथाएं विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

धार्मिक कार्यक्रम मे समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे कायदी पंचायत के अलावा निकट की ग्राम पंचायत के भक्तो ने भी अधिक संख्या मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया।

भव्य धार्मिक आयोजन को सफ्ल बनाने में गायत्री परिवार की सरंक्षक श्रीमती रेखा जितेंद्र नगरगड़े सरपंच, दीपक चैतगुरु, जगदीश चेतगुरु, खेमनलाल चैतगुरु, राधेश्याम केलकर, कमल उपराडे, रविन्द्र सोनबिरसे,ओमप्रकाश चेतगुरु आदि के साथ हरिओम महिला मण्डल, श्रीराम महिला मण्डल एवं एकता महिला मण्डल का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# प्रदीप जायसवाल ने नहर के बाजू से नयी पाइप लाने लाने के अधिकारीयो को दिये निर्देश, पांच दर्जन परिवारो के घरो मे पहुचेगा नल कनेक्शन..

## पहाडीटोला मे पेयजल की समस्या से ग्रामीण महिलाओ ने कार्यालय आकर पूर्व मंत्री को कराया था अवगत

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***ग्राम पंचायत कायदी के लगभग पांच दर्जन परिवारो की पेयजल समस्या का समाधान आखिर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासो से संभव हो सका। भाजपा कार्यालय वारासिवनी मे सरपंच प्रतिनिधी जीतेन्द्र नगरगडे, पंच संगीता मानकर,***





पंच अरविंद नागेश्वर आदि के साथ आकर इन परिवारो की महिला ने नहर के बाजू से पाईप लाइन लाने के विषय को गंभीरता से रखा था। गौरतलब है की ग्राम बनियाटोला मे पेयजल को लेकर अनेको बार दिक्कतो का सामना करना पडता है। बनियाटोला मे पेयजल की दिक्कत इतनी ज्यादा है की घरेलू बोर मे भी पानी नही मिल पाता है। साथ ही पुराने बोर के कारण अधिकांश घरो मे नल कनेक्शन मे पानी की धार इतनी कम आती है की रहवासी जीवन यापन के कार्यो मे बेहद परेशान महसूस करते है। इसी समस्या के द्रष्टिगत मुख्यमंत्री आन लाईन मे बार बार शिकायत कर आखिर पहाडीटोला के उपर नये बोर का कार्य संपन्न कराया गया। जिसमे तीन इंची पानी ने बनियाटोला के निवासीयो को प्रसन्नचित कर दिया। नये बोर के विषय मे नयी पाईप लाईन बिछाने का कार्य भी ठेकेदार के माध्यम से किया जाने लगा है।

किंतू अभी पहाडीटोला के लगभग साठ परिवारो की समस्या का पुख्ता समाधान नही हो पा रहा था। नयी पाईप लाइन मुख्य नहर के बाजू से गुजरने के कारण अनुमति जैसे विषय उन्हे परेशान कर रहे थे। सुत्रो के अनुसार शिकायत जैसे विषय सामने आने के कारण ठेकेदार ने भी हाथ खडे कर दिये थे।

दूसरी ओर एक उम्मीद के सहारे पेयजल की समस्या से परेशान ग्रामीण क्षेत्र की कामीनी बिंजारे, पुस्तकला यादव, बबिता मानकर, संदीप पंचेश्वर आदि ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल से मुलाकात कर अपनी व्यथा सामने रखी। जिसे सुनकर तत्काल पूर्व मंत्री ने कायदी क्षेत्र मे नहर के बाजू से पाईप लाइन ले जाकर इन पांच दर्जन परिवारो को नल कनेक्शन दिलाने के निर्देश पीएचई विभाग के एसडीओ श्री गजभीये को प्रदान किये। जिस पर अधिकारी वर्ग ने प्रक्रिया के तहत आवेदन करने के साथ अनुमति प्रदान करने का आश्वासन देकर सभी को हर्षित कर दिया। अब इन परिवारो मे नयी पाईप लाईन से नल के कनेक्शन मिल जाने की खुशी भी तत्काल मे सभी के चेहरे पर देखी गयी।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433


# आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मीली स्वीकृति..

जगप्रेरणा रामपायली।



क्षेत्र विकास की मिसाल बनीं जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक ज्12 की लोकप्रिय जनप्रतिनिधि डॉ. गीता हनवत ने अपने क्षेत्र के विकास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके निरंतर प्रयासों और सक्रिय पहल के चलते दूरस्थ एवं सुविधाविहीन ग्रामों में 3 नवीन आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इन आंगनवाड़ी भवनों में क्रमशः ग्राम पंचायत सोनझरा टोला वार्ड क्रमांक-1, कस्बीटोला के गोंडीटोला तथा दिनेरा के किड़कीटोला शामिल हैं। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए भी काफी दूरी तय करनी पड़ती है और प्राथमिक विद्यालय भी एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में इन स्थानों पर आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण बच्चों के शैक्षणिक और शारीरिक विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

### पहले भी दिला चुकी हैं 3 आंगनवाड़ी भवन

उल्लेखनीय है कि डॉ. गीता हनवत (जिला पंचायत सदस्य) इससे पहले भी अपने क्षेत्र में 3 आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति दिला चुकी हैं। वे लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर आंगनवाड़ियों का निरीक्षण करती हैं और वहां की समस्याओं को गंभीरता से लेकर जिला पंचायत की बैठकों में प्रमुखता से उठाती हैं।

### क्षेत्र की आवाज को देती हैं मजबूत नेतृत्व

डॉ. हनवत क्षेत्र की समस्याओं को केवल सुनती ही नहीं बल्कि उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास भी करती हैं। बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं को लेकर उनकी विशेष संवेदनशीलता उनके जनसेवा भाव को दर्शाती है।

### विकास कार्यों से बढ़ा जनविश्वास

डॉ. गीता हनवत (जिला पंचायत सदस्य) की सक्रियता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण क्षेत्रवासियों में उनके प्रति विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी पहल से दूरस्थ गांवों को भी अब मूलभूत सुविधाएं मिलने लगी हैं।

डॉ. गीता हनवत का यह प्रयास साबित करता है कि यदि जनप्रतिनिधि संवेदनशील और सक्रिय हो तो दूरस्थ क्षेत्र भी विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।

## 'महंगाई से त्रस्त जनता, सरकार बने मूकदर्शक'

# परसवाड़ा में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन, विधायक मधु भगत के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन..

हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***बढ़ती महंगाई, रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतें, बिजली बिलों में इजाफा और पेट्रोल-डीजल की किल्लत के विरोध में बुधवार को परसवाड़ा***






के बैठकी बाजार में कांग्रेस द्वारा व्यापक और संगठित प्रदर्शन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक मधु भगत ने किया। प्रदर्शन के पश्चात तहसीलदार पूर्णिमा भगत के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आम जनता को राहत देने की मांग की गई।

### विधायक मधु भगत ने सरकार पर साधा तीखा निशाना..

धरना-प्रदर्शन की शुरुआत में विधायक मधु भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देश की विदेश नीति पूरी तरह विफ्ल साबित हो रही है, जिसका सीधा असर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर पड़ा है।

उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग–चाहे किसान, मजदूर, व्यापारी या मध्यम वर्ग–महंगाई से त्रस्त है। घर का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और आम परिवारों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी कठिन होता जा रहा है।

विधायक ने कहा कि सरकार लोगों में भय और भ्रम का माहौल पैदा कर रही है, जिससे आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम कमी उत्पन्न हो रही है। पेट्रोल-डीजल की कमी के चलते लोगों में अफ्ररा-तफ्ररी का माहौल बना, जिससे जमाखोरी और कालाबाजारी को बढ़ावा मिला। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही हालात नहीं सुधरे, तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर जन आंदोलन करेगी।

### 'प्रदेश व देश के निर्देश पर हो रहा आंदोलन'

विधायक मधु भगत ने कहा कि यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितु पटवारी और राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है और जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी।

### अशोक मंडलेकर ने आर्थिक नीतियों को बताया जिम्मेदार..

जिला लघु वनोपज संघ अध्यक्ष अशोक मंडलेकर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय नीतियों के कारण आज महंगाई नियंत्रण से बाहर हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले भारत को सस्ते दरों पर कच्चा तेल उपलब्ध होता था, लेकिन वर्तमान में उन व्यवस्थाओं को समाप्त कर दिया गया है, जिससे पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने इसे ÷संगठित आर्थिक शोषण÷ बताते हुए कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है।

### दलसिंह पन्द्रे ने कहा–हर वर्ग पर पड़ रही मार..

आदिवासी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हर वस्तु महंगी हो गई है। गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद्यान्न, सोना-चांदी और दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का जीवन संकट में है।

लाडली बहनों को सतर्क करते हुए उन्होंने कहा लाडली बहना, महंगा हो गया तेरा गहना। उन्होंने कहा सोने चांदी के दाम बढने से शादी-ब्याह जैसे सामाजिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने गैस सिलेंडर की महंगाई पर तंज कसते हुए कहा कि पहले थोड़ी सी महंगाई पर विरोध करने वाले अब चुप्पी साधे बैठे हैं, जबकि गैस सिलेंडर के दाम 1000-1200 रुपये तक पहुंच गए हैं।

### 'सरकार नहीं सुधरी तो होगा उग्र आंदोलन'..

जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है और सरकार इस दिशा में पूरी तरह उदासीन बनी हुई है।

### आगे आंदोलन तेज करने की चेतावनी..

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

### ये रहे प्रमुख रूप से मौजूद..

इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष संपत पटेल, यशवंत पटेल, जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, गणेश राहंगडाले, लोकेश राहंगडाले, सुधीर पटले, टीकम राहंगडाले, बारेलाल उइके, सरपंच जगदेव मेरावी, अशोक चावले, श्रीश अवधिया, पीरू कुरैशी, मनोज बगारे, एजाज खान, देवेश राहंगडाले, रमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ज्ञापन में रखीं गईं प्रमुख मांगें..

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में विस्तार से उल्लेख किया गया कि रसोई गैस, बिजली बिल, पेट्रोल-डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ज्ञापन में मांग की गई कि..

महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए, पेट्रोल-डीजल की किल्लत दूर की जाए, गैस सिलेंडर और बिजली दरों में राहत दी जाए, आम जनता के हित में ठोस और प्रभावी नीतियां लागू की जाएं।

### बड़ी संख्या में उमड़ा जनसमर्थन..

धरना-प्रदर्शन के दौरान बैठकी बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। आंदोलन का व्यापक प्रभाव पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पुलिस बल तैनात किया गया था।

# तिरोड़ी में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में जितेंद्र गौतम होंगे सम्मानित

जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जितेंद्र गौतम को आगामी 12 अप्रैल 2026 को माइल भवन, तिरोड़ी में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में 'शिक्षा सारथी सम्मान 2026' से सम्मानित किया जाएगा।***

वार्षिक साहित्य सम्मान सम्मेलन पिछले 23 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सीमित संख्या में चयनित समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष जितेंद्र गौतम टटेकसा तुमसर का चयन शिक्षा के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान को देखते हुए किया गया है। जितेंद्र गौतम द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्यों–जैसे निशुल्क कोचिंग, मेधावी छात्र सम्मान समारोह हेतु मिला है। जितेंद्र गौतम ने इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह मेरा नहीं, बल्कि मेरे पूरे गांव का सम्मान है। मैंने जो भी कार्य किए हैं, वह गांववासियों के सहयोग और आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।÷

उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। गौरतलब है कि उनके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्य–जैसे निशुल्क कोचिंग, मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं विभिन्न जनकल्याणकारी पहल–को क्षेत्र में व्यापक सराहना मिल रही है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है और सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सम्मेलन में प्रदेश भर के साहित्यकार, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

## नवोदय विद्यालय हेतु चयनित बच्चों को किया गया सम्मानित

**अंग्रेजी माध्यम से की गई तैयारी पर बच्चों ने की सफलता अर्जित..**





**जगप्रेरणा किरनापुर।**

***शिक्षा के क्षेत्र में किरनापुर तहसील के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है कि जवाहर नवोदय विद्यालय***

चयन परीक्षा 2026 परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बच्चों ने चयन सूची में अपनी जगह बनाई। चयनित बच्चो में सम्राट पिता महेन्द्र मेश्राम ब्राईट कैरियर इग्लिश स्कूल किरनापुर, कु. मौली पिता महेश कुमार बन्सोड, ब्राईट कैरियर इंग्लिश स्कूल किरनापुर, यश नेवारे पिता खुमेश नेवार, कुमारी आराध्या पिता सूरजलाल सोनवाने, रुद्र पिता रविन्द्र वाघे, यश पिता सतेन्द्र यादव को अजीत परिवार द्वारा गुलदस्ता एवं ट्राफी भेंट कर सम्मानित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों माता पिता एवं विशेष रूप से अपने मार्गदर्शक एवं गुरु आशीष अजीत सर जी को दिया जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता अर्जित की है। बच्चों के पालकों ने भी इस शानदार, कामयाबी के लिये आशीष अजीत सर को धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षक आचार्य खुमेश अजीत, सेवा निवृत शिक्षक वाय. आर. रामटेके, डॉ. प्रियंका अजीत, महेश कुमार बन्सोड, साचिता बन्सोड, महेन्द्र मेश्राम, प्रीति छाया मेश्राम, मनीषा वाघे, श्रीमती विजेता नागदेवे, खुमेश नेवारे, बायवन्ता नेवारे, सूरजलाल सोनवाने, सरोज सोनवाने, सतेन्द्र यादव, नवीन नागवंशी, कुमारी योगिता बोस, वीणा नागेश्वर, कंचन बाहे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

याद रहे कि गत वर्ष - 2025 में भी 03 बच्चे नवोदय विद्यालय हेतु चयनित हुए थे । इसी प्रकार वर्ष-2026 में 06 बच्चों ने सफ्लता अर्जित कर अपने माता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अजीत परिवार और क्षेत्रवासीयों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं।

## मां सरस्वती का पूजन कर एडवेंचर पब्लिक स्कूल ने मनाया प्रवेश उत्सव






**जगप्रेरणा भानेगांव।**

भानेगांव मे अंग्रेजी माध्यम से संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव ने अपना नवीन प्रवेश उत्सव 2026-27 कार्यक्रम मनाया। सर्वप्रथम संस्था के संचालक ए.आर कुशले के द्वारा माँ सरस्वती जी एवं भारत माता की पूजा की गई एवं सरस्वती वंदना का गायन छात्रों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुरूवात में सत्र 2025-26 के उर्तीण समस्त छात्रों को नवीन कक्षा में प्रवेश की शुभकामनाएं दी गई साथ ही स्कूल की प्रथम कक्षा नर्सरी में प्रवेशित छात्रों का तिलक वंदन किया गया। प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से छात्रों के साथ पालकगण की भी उपस्थित रहे जिसमें कु. भव्या पिता राकेश कामडे, पावनी पिता प्रदीप रामटेके, कुशल पिता उमेश बढाई, शिवांश पिता संजय चौधरी, वरण पिता विरेन्द्र मेंश्राम, अंश पिता कमल पांचे, शिवांश पिता धर्मेंद्र कालबेले, अनुज पिता सुरेन्द्र ठाकरे, मेहुल पिता यादोराव बिसेन, तनु पिता विरेन्द्र बागड़े एवं अन्य छात्र व पालकगण की उपस्थिती रही उपस्थित समस्त छात्रों को मिठाई खिलाकर मुंह मिठा किया गया।

कार्यक्रम में स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जन-कल्याण समिति के अध्यक्ष बलराम बड़धैया, उपाध्यक्ष सुभाष कुशले सचिव राजाराम कुशले स्कूल संचालक ए.आर. कुशले, प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया सचिव, भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव, दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भरें, सुजाता रामटेके, सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती, सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिती रहे ।

## नगर में नई शराब दुकान को खोलने को लेकर लगातार हो रहा विरोध..

### शहर के बाहर दुकान खोले विक्रेता..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***धर्मनगरी लांजी में शराब दुकान को लेकर विवाद थमने के बजाय लगातार नया रूप लेता जा रहा है। भिलाई मार्ग स्थित सिद्धेश्वर मंगल भवन और भारती लॉन के सामने विरोध के***

बाद अब प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 4 के गुजरी बाजार क्षेत्र को नया विकल्प बनाया, जो स्वयं ही अनुचित है, क्योंकि इसके महज 50 मीटर से भी कम दूरी पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है। इसके एक ओर तालाब तो दूसरी ओर कब्रिस्तान मौजूद हैं, वहीं एक ओर खिलिया मुठिया देव का मंदिर है। जिसके चलते यहां भी जन आक्रोश फूट पड़ा है। हालात ऐसे हैं कि जहां भी दुकान के लिए स्थान तय किया जा रहा है, वहीं विरोध शुरू हो जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है-एक ओर जनभावनाओं का तीखा दबाव है, तो दूसरी ओर राजस्व हानि का बढ़ता खतरा। अब सवाल यह है कि आखिर शराब दुकान खुले तो कहां खुले? अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस बार क्या निर्णय लेता है-क्या गुजरी बाजार का चयन बरकरार रहेगा या एक बार फिर नया विकल्प तलाशा जाएगा। फिलहाल लांजी में शराब दुकान को लेकर स्थिति लगातार उलझती जा रही है। जहां एक स्थान पर विरोध होता है, वहां से दुकान हटाने की कोशिश होती है और नया स्थान तय होते ही वहां भी विरोध शुरू हो जाता है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

### पहले लांजी-भिलाई मार्ग में खुल रही थी दुकान..

लांजी में शराब दुकान के लिए पहले भिलाई मार्ग स्थित सिद्धेश्वर मंगल भवन और भारती लॉन के सामने स्थित परिसरों का चयन किया गया था, लेकिन वहां जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगातार विरोध के चलते प्रशासन को वैकल्पिक स्थान की तलाश करनी पड़ी। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित गुजरी बाजार के बीचों-बीच शराब दुकान खोलने के लिए स्थान चयन की खबर सामने आई। लेकिन यह फैसला सामने आते ही एक बार फ्रि विरोध तेज हो गया। वार्ड पार्षद, स्थानीय व्यापारी और वार्डवासी सड़क पर उतर आए और दुकान खोलने के फैसले का विरोध करने लगे।

### गुजरी बाजार का चयन पूरी तरह अनुचित : प्रेमलता खोब्रागढ़े पार्षद

वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती प्रेमलता संजय खोब्रागढ़े ने स्पष्ट कहा कि गुजरी बाजार नगर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन सभी वार्डों और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे सब्जी खरीदने आते हैं। ऐसे स्थान पर शराब दुकान खोलना सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रस्तावित स्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है।

इसके एक ओर तालाब तो दूसरी ओर कब्रिस्तान मौजूद हैं, वहीं एक ओर खिलिया मुठिया देव का मंदिर है। जिससे यह निर्णय पूरी तरह अनुचित प्रतीत होता है। वहीं पार्षद पति संजय खोब्रागढ़े ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सीएमओ द्वारा महज एक हजार रुपये के स्टांप पर लिखा-पढ़ी कर गरीब व्यापारियों को उनके आजीविका के स्थान से हटाया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। इस मामले को लेकर पार्षद प्रेमलता खोब्रागढ़े और मरारमाली समाज अध्यक्ष भरतलाल बड़मे और भाजपा कार्यकर्ता देवेश एड़े एवं वार्डवासियों ने एसडीएम कमलचंद सिंहसार को ज्ञापन सौंपते हुए गुजरी बाजार में शराब दुकान न खोलने की मांग की है।

### बोले सीएमओ मयूर वाहने..

उक्त स्थान का चयन नगर परिषद की बैठक में किया गया है। इस बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ सहित 14 पार्षद मौजूद थे और सभी ने सामूहिक सहमति से इस स्थान को मंजूरी दी थी। जब परिषद की बैठक में सहमति बनी थी, तो बाद में उसी निर्णय का विरोध क्यों हो रहा है ? क्या जनभावनाओं का आकलन पहले नहीं किया गया या फ्रि निर्णय लेने में जल्दबाजी हुई। वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद को भी बैठक में आमंत्रित किया गया था परंतु वह नहीं पहुंची तो इसमें परिषद जिम्मेदार नहीं है।

## सेंट्रल इंडिया एकेडमी का स्थानीय परीक्षाफल घोषित, समिति ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं










**जगप्रेरणा लांजी।**

सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का सत्र 2025- 26 का परीक्षा परिणाम दिनांक 02/04/2026 को कक्षा एलकेजी से कक्षा 11वीं तक का घोषित किया गया जो सराहनीय रहा। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य श्री हेमंत बनकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संध्या मिश्रा द्वारा किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम निम्नानुसार रहा।

कक्षा एल के जी में प्रथम युक्ति बडमे 99.16 प्रतिशत, द्वितीय श्रेया पिपरे 98.66 प्रतिशत, तृतिय आयत हाशमी 98.5 प्रतिश, कक्षा यू के जी ए प्रथम हिमानी कटरे 100 प्रतिशत, द्वितीय अनाया पांचे एवं लाची गौतम 99.83 प्रतिशत, तृतिय आर्यन कर्राहे एवं रियांश महोबिया 99.66 प्रतिशत यू के जी वर्ग बी प्रथम हितांशी गोदुले 100 प्रतिशत एवं द्वितीय देवांशी रामटेक्कर एवं वाणी कलपूरे 99.66 प्रतिशत, तृतीय आराध्या पांडे एवं अपर्णा महोबिया 99.5 प्रतिशत एवं मोनास्वी वाकडे 99.5 प्रतिशत, कक्षा पहली ए प्रथम डिंपल चौधरी, नव्या कुचलाहे एवं तूर्वी कटरे 99.91 प्रतिशत, द्वितीय माधवी टेंभर 99.83 प्रतिशत, तृतिय निलीशा हिरवानी 99.66 प्रतिशत, कक्षा पहली बी में प्रथम हिमांशी बंजारी 99.91 प्रतिशत, द्वितीय गोविंद कुमावत 99.83 प्रतिशत, तृतिय डिंपल धारणे 99.75 प्रतिशत, कक्षा दूसरी प्रथम स्थान थींरा मानकर 99.1 प्रतिशत, द्वितीय कनक महोबिया 98.16 प्रतिशत, तृतीय कुंज नरताम 97.9 प्रतिशत, कक्षा दूसरी बी प्रथम कनक गोधुले 98.4 प्रतिशत, द्वितीय देवांशी वानखेड़े एवं दिव्यानी मनेश्वर 97.5 प्रतिशत, तृतीय चारवी कावडे 97.1 प्रतिशत, कक्षा तीसरी ए प्रथम स्थान दीक्षा चोरवाड़े 99 प्रतिशत , द्वितीय हरशानी उके 98.75 प्रतिशत एवं गगन घोरमारे 98.7 प्रतिशत, तृतीय दिशांत केकरे एवं रव्या आमाडारे 98.5 प्रतिशत , कक्षा तीसरी बी प्रथम स्थान जयेश बनोठे 99.83 प्रतिशत द्वितीय रिद्धिमा बैस 99.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान आरोही पसीने 99.25 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ प्रथम स्थान विधि पीपलेवार 95.2 प्रतिशत, द्वितीय भावेश टिकेश्वर 93.8 प्रतिशत, तृतीय रूही लटारे 91.6 प्रतिशत, कक्षा छठवीं ए प्रथम अनुष्का पांडे 96.2 प्रतिशत, द्वितीय आस्था पांचे 95.41 प्रतिशत, तृतिय अफसा मिर्जा 94.75 प्रतिशत, कक्षा छठवीं बी प्रथम भावी बारसागडे 95.08 प्रतिशत, द्वितीय पूर्वी बागडे 94 प्रतिशत, तृतिय अन्नया तिवारी 88.5 प्रतिशत, कक्षा सातवीं हिंदी माध्यम प्रथम नव्या सातपुते, द्वितीय अन्नया नारनौरे, तृतीय कुणाल टेकाम रहे। कक्षा सातवीं अंग्रेजी माध्यम ए प्रथम मिश्र उमरे एवं अदिति बोरकर 99.5 प्रतिशत, द्वितीय सिद्धि ठाकुर 98.8 प्रतिशत, तृतिय सेजल ठाकुर 97 प्रतिशत, कक्षा सातवीं वर्ग बी प्रथम मोक्षी इंझरावते 98.91 प्रतिशत, द्वितीय हुमायरा शेख 98.34 प्रतिशत, तृतिय लालिमा मानकर 98.25 प्रतिशत, कक्षा सातवीं वर्ग सी प्रथम रूचि ठोमरे 97.9 प्रतिशत, द्वितीय शिखा सोनटेके 95.6 प्रतिशत, तृतिय अनन्या मेहरबान 89.3 प्रतिशत, कक्षा 9 वी हिंदी माध्यम प्रथम अक्षरा घोंगड़े 82.16 प्रतिशत ,द्वितीय त्रिवेणी चौधरी 79.08 प्रतिशत, तृतीय संजना सत्कार 76 प्रतिशत, कक्षा नवी अंग्रेजी माध्यम प्रथम मोहित वानखेड़े 91.25 प्रतिशत, द्वितीय मिताली दौने 88.75 प्रतिशत, तृतीय पल्लवी दुबे 87.83 प्रतिशत , कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय प्रथम रिद्धिमा उमरे 95.74 प्रतिशत, द्वितीय ईशा आसटकर 91.24 प्रतिशत, तृतीय मीनल बोरकर 90.84 प्रतिशत, कक्षा ग्यारहवीं बी प्रथम उमा अस्तने 91.44 प्रतिशत, द्वितीय सौरभ कश्यप 86.74 प्रतिशत, तृतिय सुमायरा खान 86.72 प्रतिशत रहा। इस प्रकार सभी छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल सराहनीय रहा। संस्था में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं श्रीमती एम वैष्णव, श्रीमती एस राउत, श्रीमती ए बरसागडे, श्रीमती बी. राउत, श्रीमती पी लाडे, श्रीमती बी सोमनकर कुमारी एन भंडारकर, कुमारी एम शुक्ला, श्रीमती एन कुरैशी, कुमारी एस ऐडे, कुमारी पी मोरघडे, कुमारी पी ऐडे, कुमारी एस शेख, श्रीमती यू बिसेन, कुमारी पी सोनवाने, कुमारी एम खोबरागड़े, श्रीमती एस राकड़े , श्रीमती पी येरपुडे, श्रीमती वी.कश्यप, कुमारी एच खान, श्रीमती एस मिश्रा, कुमारी रानू सोनवाने, कुमारी एस आसटकर, आर. वाल्थरे, श्रीमती एल इंझरावते, बी नरताम का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की समिति अध्यक्ष श्रीमती विभा अनिल तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्सावर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई समिति सचिव श्रीमती मीरा बनकर के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत को धैर्य की सीख दी गई। विद्यालय के प्राचार्य हेमंत बनकर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे परीक्षा परिणाम की बधाई दी गई।

## बिना मंडी के दस्तावेज से परिवहन मामले में 11 वाहन चालकों से वसूला जुर्माना..

### 64535 रुपए सरकारी खजाने में जमा..







**जगप्रेरणा लांजी।**

भारसाधक अधिकारी मंडी बालाघाट गोपाल सोनी एवं सचिव कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी के मार्गदर्शन में निरीक्षक वासुदेव बढ़ई,विनोद बन्सोड़ एवं नेलचंद बारबुदे सहायक उप निरीक्षक उपमंडी लांजी के द्वारा 2 मार्च एवं 3 मार्च को कुल्पा आमगांव मार्ग एवं रिसेवाड़ा भिलाई मार्ग में दिन एवं रात के सघन निरीक्षण के दौरान 3 वाहनों पर बिना मंडी के वैध दस्तावेजों के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना कार्यवाही कर दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया।

जिसमें पिकअप वाहन क्रमांक एम.पी 50 जेड. जे. 5379 में गणेश किराना बिसोनी (लांजी) से मिर्ची 5.21 क्विंटल पर राशि 3345, वाहन क्रमांक एम.पी 28 जेड. एच. 6082 मे राम सब्जी भंडार परासिया (छिंदवाड़ा) से लहसुन 16 क्विंटल पर राशि 5000 एवं वाहन क्रमांक एम एच 49 ए.टी. 0365 में मांगू लाल पंजरे,ग्राम बिरसोला (कांटी) जिला -गोंदिया से गुड़ 28 क्विंटल पर राशि 8000 रूपये वसुल कर शासकीय खजाने में जमा कराया गया।

बताया गया कि इसके पूर्व विगत माह- मार्च 2026 में भी इसी प्रकार कार्यवाही कर लांजी उपमंडी क्षेत्र में 8 वाहनों पर बिना मंडी के वैध दस्तावेजों के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना कार्यवाही कर दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया, जिसमें वाहन क्रमांक एमपी 28 जेड. डी. 5893 मे रामकुमार चौरिया छिंदवाड़ा से लहसुन 12 क्विंटल पर राशि 4000, वाहन क्रमांक एम. एच. 40 सी. डी. 5538 मे राहुल कंटक छिंदवाड़ा से लहसुन 23.20 क्विंटल पर राशि 8960, वाहन क्रमांक एम.पी. 28 जी 6168 में शिवहरी चौरिया परसगांव(छिंदवाड़ा) से लहसुन 16.60 क्वि. पर राशि 6980, वाहन क्रमांक एम. एच. 40 डी.सी. 5105 मे नीरज साहू छिंदवाड़ा से लहसुन 10 क्विंटल पर राशि 4000, वाहन क्रमांक एम. एच. 40 सी. टी. 1095 में राजेश मधुकर ठाकरे एंड संस छिंदवाड़ा से लहसुन 40 क्विंटल पर राशि 12000 रुपए, वाहन क्रमांक एम.पी. 15 जेड. एन. 7242 में देवेंद्र कुटेल सागर से लहसुन 19.40 क्विंटल पर राशि 5850 रुपए, वाहन क्रमांक एम. एच. 40 सी. टी. 9513 मे मकरू डिगरसे छिंदवाड़ा से लहसुन 10 क्विंटल पर राशि 3000, वाहन क्रमांक एम.पी. 22 जी 4419 मे निलेश कुमार अग्रवाल आमगांव से पोपट 10 क्विंटल पर राशि 3400 रूपये वसुल कर सरकारी खजाने में जमा कराया गया था।

इस प्रकार, 11 वाहनों से कुल राशि 64535 रूपये वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया गया है। प्रशासन द्वारा अपील की गई कि कोई भी व्यापारी बगैर मंडी के वैध दस्तावेजों अथवा अनुज्ञापत्र के अधिसूचित कृषि उपजों का परिवहन किसी भी स्थिति में ना करें,अन्यथा अवैध परिवहन करने वाले व्यापारियों पर प्रशासन की सतत् कार्यवाही जारी रहेगी।

## बम्हनवाड़ा में धूमधाम से मनाया गया रामदूत का जन्मोत्सव..



**जगप्रेरणा लांजी।**

***लांजी क्षेत्र के ग्राम बम्हनवाड़ा में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पालीवाल परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।***

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ भगवान हनुमान जी के पंचामृत स्नान एवं अभिषेक से हुई। इसके पश्चात पूजा-अर्चना कर भक्तों ने भक्ति भाव से आरती की। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा, जहां श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि की कामना की।

आरती के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अशोक पालीवाल, ज्योति पालीवाल, आदित्य पालीवाल, मोहन मटाले, किशननाथ सोलंकी, बालकिशन कारसर्पे, फूलनबाई, शकुनबाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम पर होगी निगाह..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सत्र में शनिवार को यहां जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी।***

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निस्संका भी नहीं टिक पाए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया।

इसके बाद 22 वर्षीय समीर रिजवी ने 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी।

रिजवी का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा संकेत है लेकिन शीर्ष क्रम में उसकी कमजोरी चिंता का विषय है। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगुवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। उसके पास दो विकल्प हैं। या तो पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने अभिषेक पोरेल या फिर निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे पृथ्वी साव पर भरोसा दिखाए।

इसके विपरीत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में भी कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई कहीं अधिक आश्वस्त दिखी। स्टार्क इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।



दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने धीमी गेंदों का चतुराई से इस्तेमाल करना जारी रखा है और चोट के कारण काफी समय तक मैदान से बाहर रहे टी नटराजन ने लखनऊ के खिलाफतीन विकेट लेकर अपना योगदान दिया, जबकि मुकेश कुमार ने किफायती गेंदबाजी की।

कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा, जिससे विरोधी टीम को कभी भी खुलकर खेलने का मौका नहीं मिला। दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी।

मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया जससे वह अधिक आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। रोहित ने 78 रन की तूफानी पारी खेलकर पुराने दिनों की याद दिला दी और टी20 क्रिकेट में शानदार वापसी की। उनके साथी सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने भी 81 रन की आक्रामक पारी खेलकर अच्छा सहयोग दिया। पूरी संभावना है कि वह टीम में अपनी जगह बरकरार रखेंगे। उन्हें अनुभवी क्विंटन डीकॉक की जगह टीम में शामिल किया गया था।

मुंबई की गेंदबाजी की बात करें तो शार्दुल ठाकुर ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए, जबकि बुमराह और ट्रेंट बोल्ट ने कसी गेंदबाजी की। सूर्यकुमार की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मुंबई ने पिछले मैच में उनका इंपैक्ट कलियर के रूप में इस्तेमाल किया और यह देखना बाकी है कि क्या भारतीय टी20 टीम का कप्तान शनिवार को फिरोज शाह कोटला में पूरी भूमिका निभाने के लिए फिट हैं या नहीं।

### टीम इस प्रकार हैं:

दिल्ली कैपिटल्सः अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़्वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख.

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

## डर के साए में बीत रहे दीपिका कक्कड़ के दिन, कैंसर के बाद दोबारा हुआ 1.3 सेंटीमीटर का सिस्ट, एक्ट्रेस ने बयां किया दर्द..

डेस्क जगप्रेरणा।

***लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री और 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ इन दिनों अपनी सेहत को लेकर एक कठिन दौर से गुजर रही हैं। पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब व्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है।***

जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से थोड़ा परेशान कर दिया है।

### स्वास्थ्य में दोबारा गिरावट..

दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना व्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं।



### चुनौतियों पर दीपिका ने किया विचार..

इस कठिन समय में दीपिका ने महिला शरीर की जटिलताओं और महिलाओं की आंतरिक शक्ति पर गहरा मंथन किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शरीर बेहद जटिल होता है और वे जितना खुद को समझती हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत होती हैं। दीपिका के अनुसार महिलाएं हर महीने होने वाले मेंस्टोरल साइकिल, हार्मोनल बदलाव, मूड स्विंग्स और बीमारियों के बावजूद अपने रोजाना के जीवन को इतनी सुचारू रूप से चलाती हैं कि वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने दुनिया भर की महिलाओं के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी खुद को संभालना महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत है।

### जीवनशैली में बदलाव..

बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने साझा किया कि अब थकान होने पर वह तुरंत आराम करती हैं और अपने शरीर की जरूरतों को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने कहा, 'हमें मजबूत और सकारात्मक रहना होगा, लेकिन अपनी दैनिक जिंदगी के साथ आगे के इलाज की चर्चा करना कभी-कभी बहुत भारी हो जाता है।' दीपिका और उनके पति शोएब इब्राहिम लगातार अपने व्लॉग्स के जरिए कीमोथेरेपी के अनुभवों, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और रिकवरी की दिशा में उठाए जा रहे कदमों को साझा कर रहे हैं, ताकि उनके प्रशंसक उनसे जुड़े रहें।

### करियर और कैसे मिली पहचान..

दीपिका कक्कड़ को घर-घर में 'ससुराल सिमर का' की सिमर भारद्वाज के रूप में पहचान मिली थी। इसके अलावा उन्होंने रियलिटी शो 'बिग बॉस' सीजन 12 का खिताब जीतकर अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। वर्तमान में वह अभिनय से दूर अपनी सेहत और परिवार पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उनके प्रशंसक लगातार उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।

## अभिषेक शर्मा पर हो गया बड़ा एक्शन, आईपीएल ने क्यों ठोका बड़ा जुर्माना..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अभिषेक शर्मा इस वक्त आईपीएल में अपना जलवा दिखा रहे हैं। गुरुवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद और केकेआर के बीच मैच खेला गया तो ओपनिंग करते हुए अभिषेक ने एक तेजतर्रार पारी खेली। हालांकि इससे पहले कि वे अपना अर्धशतक पूरा कर पाते, उन्हें आउट होकर जाना पड़ा।***

वरुण चक्रवर्ती ने उनका कैच पकड़ा, हालांकि इसको लेकर लगातार चर्चा हो रही है कि ये सही कैच था या नहीं। इस बीच अभिषेक शर्मा ने इस पर नाराजगी जताई थी, इसलिए उन पर एक्शन लिया गया है।

### अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 फीसदी लगा जुर्माना, एक डिमेरिट प्वाइंट भी मिला..

सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर आईपीएल ने बड़ा एक्शन लिया है। उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट दिया गया गया है, वहीं मैच फीस से 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। अभिषेक शर्मा ने केकेआर के खिलाफपारी का आगाज करते हुए 21 बॉल पर धमाकेदार अंदाज में 48 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और चार छक्के आए थे। उनका प्रदर्शन को लाजवाब रहा, लेकिन आउट होने के बाद जब वे बाहर जा रहे थे, तब अभिषेक ने कुछ ऐसा किया, जो नियमों के अनुसार गलत माना गया। आईपीएल की ओर से ये तो नहीं बताया गया है कि अभिषेक ने क्या गलत किया, लेकिन पता चला है कि उन्होंने आर्टिकल 2.3 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार किया, जो मैच के दौरान गंदी बातें कहने से जुड़ा है।



### मैच फीस से काट ली जाएगी 25 फीसदी की रकम..

IPL की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया है कि एसआरएच के अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 परसेंट जुर्माना लगाया गया है। इतना ही नहीं केकेआर के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान IPL कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने के लिए उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट भी मिला है। इसका मतलब साफ है कि अभिषेक को अपनी टीम की ओर से एक मैच के लिए जो मैच फीस मिलती है, उसका एक चौथाई हिस्सा काट दिया जाएगा।

### अभिषेक और ट्रेविस हेड के बीच अच्छी साझेदारी..

अभिषेक ने केकेआर के खिलाफ मुकाबले में अपने जोड़ीदार ट्रेविस हेड के साथ एक बड़ी साझेदारी की, दोनों बल्लेबाजों ने छह ओवर में ही 80 के स्कोर को पार कर दिया था। जब ट्रेविस हेड छठे ओवर में आउट हुए, तब टीम का स्कोर 82 रन था। इसके बाद जब अभिषेक नौवें ओवर में आउट होकर पवेलियन लौटे, तब टीम का स्कोर 112 रन हो चुका था। यही वजह रही कि 20 ओवर में एसआरएच ने 226 रन बनाने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद मैच भी 65 रन से जीत लिया। अभिषेक ने मैच के दौरान एक ओवर की गेंदबाजी भी की, इसमें उन्होंने 15 रन खर्च किए और कोई सफलता भी नहीं मिली।

## भारत में हुई बैन, फिर भी जापान में रिलीज, TV के राम की आवाज का चला जादू, रामानंद सागर की 'रामायण' से भी तगड़ी है फिल्म की रेटिंग...

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय सिनेमा और वैश्विक एनीमेशन के इतिहास में रामायण एक ऐसा विषय रहा है जिसने हर पीढ़ी के रचनाकारों को प्रेरित किया है। हाल ही में रणबीर कपूर अभिनीत और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' का टीजर 2 अप्रैल को मुंबई में जारी किया गया, जिसने डिजिटल जगत में तहलका मचा दिया है,***

लेकिन इस आधुनिक प्रस्तुति के बीच इतिहास के पन्नों में एक ऐसी जापानी फिल्म दर्ज है जिसने तीन दशक पहले ही भगवान राम की गाथा को एनीमेशन के माध्यम से अमर कर दिया था। इस फिल्म को **IMDb** पर रामानंद सागर की रामायण से भी रेटिंग मिली है, जो कि 9.1 है।

### एक जापानी फिल्मकार का भारतीय सपना..

इस अद्भुत एनिमेटेड फिल्म की नींव जापानी फिल्मकार यूगो साका ने रखी थी। भारत यात्रा के दौरान रामायण की महानता से प्रभावित होकर साका ने इसके लगभग 10 अलग-अलग एडिशन का गहन अध्ययन किया।

उनके मन में यह साफ विचार था कि भगवान राम जैसे दिव्य व्यक्तित्व को कोई भी साधारण मनुष्य पूरी तरह पर्दे पर नहीं उतार सकता, इसलिए उन्होंने एनीमेशन को माध्यम चुना। हालांकि 90 के दशक के भारत में एनीमेशन को केवल बच्चों के मनोरंजन तक सीमित माना जाता था, जिसके कारण साका को शुरुआत में काफी विरोध और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।



### विवादों का साया और भारत में देरी..

1993 में बनकर तैयार हुई इस फिल्म का सफर आसान नहीं था। तत्कालीन भारत के संवेदनशील राजनीतिक और सांप्रदायिक माहौल खास कर 1992 की घटनाओं के बाद देवी-देवताओं के एनिमेटेड चित्रण को लेकर चिंताएं जताई गईं।

लोगों को डर था कि विदेशी प्रोडक्शन द्वारा तैयार यह फिल्म धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। इसी अस्थिरता के कारण फिल्म को उस वक्त भारत में रिलीज नहीं किया जा सका। हालांकि इसका प्रीमियर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ और दूरदर्शन पर भी इसे सीमित बार दिखाया गया।

### दिग्गज कलाकारों का संगम और तकनीकी टीम..

इस फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता इसकी हिंदी डबिंग थी, जिसमें अरुण गोविल ने प्रभु राम को अपनी आवाज दी थी। वहीं राहुल बोस और साइरस ब्रोचा जैसे कलाकारों ने भी अन्य किरदारों के लिए डबिंग की। फिल्म के निर्माण में 'बाहुबली' और '**RRR**' फेम लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद का रचनात्मक योगदान रहा, जबकि संगीत दिग्गज वनराज भाटिया ने तैयार किया था। इसका निर्देशन कोइची सासाकी और भारतीय एनीमेशन के पितामह कहे जाने वाले राम मोहन ने संयुक्त रूप से किया था।

### 32 साल का इंतजार और 4K में शानदार वापसी..

लंबे समय तक गुमनामी में रहने के बाद आखिरकार वर्ष 2025 में इस कालजयी फिल्म को वह सम्मान मिला जिसकी यह हकदार थी। करीब 32 साल के लंबे इंतजार के बाद 24 जनवरी 2025 को गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स

और एक्सेल एंटरटेनमेंट के सहयोग से इसे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। आधुनिक दर्शकों के लिए इसे 4K फॉर्मेट में अपग्रेड किया गया और हिंदी, अंग्रेजी, तमिल व तेलुगु, इन चार भाषाओं में बड़े पर्दे पर उतारा गया। आज यह न केवल एनीमेशन की दुनिया में शानदार फिल्म मानी जाती है, बल्कि यह भारत और जापान के बीच कल्चरल पुल बन चुकी है।

## दिल्ली का मौसम कर सकता है मुकाबले का मजा किरकिरा, मैच के दौरान ऐसी है वेदर रिपोर्ट..

डेस्क जगप्रेरणा।

इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का 8वां मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने होम ग्राउंड पर मुंबई इंडियंस की टीम का सामना करेगी। दोनों टीमों के बीच में होने वाले इस बड़े मुकाबले का इंतजार सभी फैंस काफी बेसब्री से कर रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा नजरें हिटमैन रोहित शर्मा पर रहने वाली हैं, जिनके बल्ले से सीजन के पहले मुकाबले में शानदार अर्धशतकीय पारी देखने को मिली थी। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच में होने वाले इस मुकाबले में मौसम मजा किरकिरा कर सकता है, जिसमें बारिश के चलते खलल पड़ने की उम्मीद भी जताई जा रही है।

### छाए रहेंगे बादल, 55 फीसदी बारिश की उम्मीद..

दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से बारिश होते हुए देखने को मिली है, जिसमें तीन अप्रैल की शाम को भी मौसम खराब रहा। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच में होने वाले इस मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर होगी, जिसमें इस दौरान के वेदर रिपोर्ट को लेकर बात की जाए तो एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार दोपहर तीन बजे जहां बारिश होने के चांस 18 फीसदी हैं तो वहीं 4 बजे ये बढ़कर 43 फीसदी तक पहुंच जाएंगे। शाम 5 और 6 बजे बारिश होने के चांस में और बढ़ोतरी हुई है जो लगभग 50 फीसदी के आसपास है। ऐसे में इस मैच में दूसरी पारी के दौरान बारिश के चलते खलल देखने को मिल सकता है। वहीं पूरे मुकाबले के दौरान बादल छाए रहेंगे, जबकि तापमान लगभग 30 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।



### मौसम के चलते टॉस की भूमिका रहेगी अहम..

आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मुकाबले में बारिश के चलते खलल पड़ने की उम्मीद को देखते हुए टॉस की भूमिका काफी अहम हो जाएगी, जिसे जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी।

ऐसे में उसके लिए डकवर्थ लुईस नियम लगने पर टारगेट का पीछा करने में मदद रहे। वहीं दिल्ली की पिच को लेकर बात की जाए तो यहां पर बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला है, जिसमें दिन के समय मुकाबला होने से ओस की भूमिका पूरी तरह से खत्म हो जाती है।

## चुपके से 'धुरंधर 2' देखने पहुंचे आर माधवन, फैन की नजर पड़ते ही खुली पोल, फोटो शेयर कर लिखा मजेदार कैप्शन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'धुरंधर 2' भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बनकर उभर रही है। इसे न सिर्फ दर्शक पसंद कर रहे हैं, बल्कि इसने पूरी फिल्म इंडस्ट्री के लोगों का दिल जीत लिया है। कई मशहूर हस्तियों ने इस फिल्म की कहानी, आदित्य धर के निर्देशन और इसकी स्टार कास्ट, जिसमें रणवीर सिंह,***

अर्जुन रामपाल, आर माधवन और राकेश बेदी शामिल हैं। उनकी एक्टिंग के साथ-साथ किरदार की भी जमकर तारीफ की है। इस फिल्म को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है और इसी बीच, आर माधवन का सिनेमाघर में चुपके से फिल्म देखते हुए वीडियो वायरल हो रहा है।

### धुरंधर 2 देखने पहुंचे माधवन..

आर माधवन का फिल्म देखते हुए, जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसे यूजर अक्षय राठी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस क्लिप में माधवन काफी रिलैक्स्ड और पूरी तरह से कहानी में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान,

वह चुपचाप यह देख रहे थे कि दर्शकों को फिल्म कैसी लगी। माधवन का वीडियो शेयर करते हुए, अक्षय ने कैप्शन लिखा, '**ISI** चाहे जो भी प्लान बना ले। बस उन्हें यह बता देना कि अजय सान्याल की नजर हर समय उन पर बनी हुई है! साथ में समय बिताना काफी मजेदार रहा।'



### धुरंधर 2 की कास्ट का जलवा बरकरार..

आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी का किरदार निभाया है। हमजा एक अंडरकवर भारतीय एजेंट है जो **ISI** के आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए कराची के लियारी अंडरवर्ल्ड में एंट्री करता है।

फिल्म की कहानी और कास्ट सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई है।

### धुरंधर 2 की अब तक की कमाई..

**Sacnilk** के अनुसार 'धुरंधर 2' ने रिलीज के 15वें दिन 17.80 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है। फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 674.17 करोड़ कमाए थे। दूसरे हफ्ते में फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आई है। 'धुरंधरः द रिवेंज' का कुल ग्रॉस कलेक्शन अब तक 1,122.39 करोड़ और भारत में 937.51 करोड़ रुपये कमा लिए है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
शनिवार 04 अप्रैल 2026





## विदेशी बाजारों में मजबूत सुधार के बाद आयातित तेल-तिलहनों के दाम मजबूत, अफवाहों से सरसों टूटा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशी बाजारों के मजबूत बंद होने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में शुक्रवार को सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल जैसे आयातित तेलों के दाम मजबूत बंद हुए।***



आवक घटने और मांग होने से बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। आयातित खाद्यतेलों की आवक बढ़ाने के लिए आयात शुल्क घटाये जाने और सरसों की आवक बढ़ने जैसी अफवाहों के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। ऊंचे दाम पर सुस्त कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

मलेशिया एक्सचेंज दोपहर 3.30 बजे लगभग एक प्रतिशत सुधार के साथ बंद हुआ। 'गुड फ्राइडे' की वजह से शिकॉगो एक्सचेंज में कारोबार आज बंद है लेकिन बृहस्पतिवार रात यह काफी मजबूत बंद हुआ था।

बाजार सूत्रों ने कहा कि कल रात शिकागो एक्सचेंज के मजबूत बंद होने के कारण आज उसका असर सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों पर दिखा और इनके दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए। शादी विवाह के मौसम के लिए हल्के नरम तेलों में सोयाबीन की अच्छी मांग भी है।

उन्होंने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज के मजबूत होने से पाम-पामोलीन तेल के दाम भी मजबूत रहे। इसके अलावा औद्योगिक मांग रहने तथा मूंगफली से सस्ता होने की वजह से घरेलू मांग होने तथा आवक घटने के कारण बिनौला तेल के दाम भी सुधार दर्शाते बंद हुए।

सूत्रों ने कहा कि आयातित खाद्यतेलों का आयात बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा आयात शुल्क घटाये जाने तथा मंडियों में आवक बढ़ने जैसी अफवाहों के बीच सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। हालांकि, ऐसी कोई सूचना सरसों तेल संबधित खाद्यतेल संगठन 'मोपा' की ओर से नहीं आया है लेकिन समझा जाता है कि यह अफवाह उन चंद लोगों द्वारा फैलाया गया हो सकता है जो किसानों का मनोबल तोड़कर सस्ते में उनकी ऊपज को हथियाना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि सरसों तेल का दाम पहले से आयातित सॉफ्ट खाद्यतेलों के मुकाबले काफी सस्ता बैठते हैं।

उन्होंने कहा कि ऊंचे दाम पर सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,000-7,025 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 7,300-7,775 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,650 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,785-3,085 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 14,925 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 2,465-2,565 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,465-2,610 रुपये प्रति टिन। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 16,225 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 13,475 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 13,725 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,675 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 14,625 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,775-5,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 5,450-5,525 रुपये प्रति क्विंटल।

## पश्चिम एशिया संघर्ष का सूरत के कपड़ा केंद्र पर बुरा असर, लागत बढ़ी, काम के दिन घटाए गए

सूरत, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गुजरात के कपड़ा केंद्र सूरत में लागत बढ़ने का असर अब महसूस होने लगा है। कई इकाइयों ने या तो अपने रोजाना काम करने के घंटे कम कर दिए हैं या फिर अपने उत्पादन के सक्रिय दिन घटा दिए हैं।***



कुछ पदाधिकारियों ने दावा किया कि उद्योग को इस समय रोजाना लगभग 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सूरत शहर भारत में मानव निर्मित कपड़े के उत्पादन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है।

साउथ गुजरात टेक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने बढ़ती लागत को नियंत्रित करने के लिए इन इकाइयों के काम करने के दिनों को सात से घटाकर हफ़्ते में पांच दिन करने का फैसला किया है। संघ के अध्यक्ष जितेंद्र वक्तानिया ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, ''कच्चे माल और कोयले की बढ़ती कीमतों के कारण, सूरत और दक्षिण गुजरात का कपड़ा प्रसंस्करण उद्योग संकट का सामना कर रहा है।''

फेडरेशन ऑफ गुजरात वीवर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदर्न गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष अशोक जिरावाला ने बताया कि कई इकाइयों ने अपने उत्पादन चक्र को भी 24 घंटे से घटाकर 12 घंटे प्रतिदिन कर दिया है, जिससे कुल उत्पादन पर असर पड़ा है।

उन्होंने कहा, ''हालात काफी मुश्किल हो गए हैं, और उद्योग को रोजाना लगभग 90-100 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।''

इस संकट को मजदूरों की कमी ने और भी बढ़ा दिया है। उद्योग के अनुमानों के अनुसार मजदूरों की संख्या में 35 प्रतिशत की कमी आई है। जिरावाला ने बताया कि पिछले कुछ हफ़्तों में 2,000 से ज्यादा प्रवासी मजदूर शहर छोड़कर चले गए हैं।

इससे पहले खाना पकाने वाली गैस सिलेंडरों की कमी के कारण मज़दूरों का पलायन शुरू हो गया था, जिससे कामकाज पर और भी ज़्यादा दबाव पड़ गया।

उन्होंने बताया कि मानव निर्मित फाइबर सहित आयातित कच्चे माल की क़ीमतों में भी 30-35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

वक्तानिया ने कहा कि बुनाई, प्रसंस्करण और व्यापार - इन सभी क्षेत्रों में काम में 25-30 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मंदी के बावजूद, आने वाले शादी के मौसम से मांग बढ़ने और इस क्षेत्र को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंपालाल बोथरा ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय संकट से पहले, उद्योग रोजाना लगभग सात करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन करता था। लेकिन अब उत्पादन घटकर लगभग आधा रह गया है।''

उन्होंने कहा कि संघर्ष शांत होने और धागे की कीमतों तथा श्रमिकों की उपलब्धता जैसे कारकों के स्थिर होने के बाद भी उद्योग को पटरी पर लौटने में दो से तीन महीने लग सकते हैं।

गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने हाल ही में सूरत में उद्योग जगत के नेताओं के साथ एक समीक्षा बैठक की और श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति का आश्वासन दिया।

## जम्मू-कश्मीर की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में घटकर 11.18 प्रतिशत रही: कैग रिपोर्ट..

जम्मू, (भाषा)।

***वित्त वर्ष 2024-25 में जम्मू-कश्मीर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की वृद्धि दर घटकर 11.18 प्रतिशत रह गई जबकि इससे एक साल पहले यह 12.51 प्रतिशत थी।***





भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में कैग की यह रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में जम्मू-कश्मीर की हिस्सेदारी मामूली रूप से बढ़कर 0.79 प्रतिशत हो गई है।

रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2020-21 से लेकर 2024-25 के दौरान जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आकार 1.67 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया।

केंद्रशासित प्रदेश में प्रति व्यक्ति सालाना आय वर्ष 2020-21 के 1,01,645 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,54,826 रुपये हो गई है। हालांकि यह अब भी राष्ट्रीय औसत से कम है।

कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जम्मू-कश्मीर में कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा पहले से तय आर्थिक देनदारियों और सब्सिडी को चुकाने में चला जाता है। इसके कारण बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों पर निवेश के लिए बहुत कम पैसा बचता है। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ता हुआ कर्ज का बोझ और कम पूंजीगत निवेश जम्मू-कश्मीर की वित्तीय स्थिति के लिए चिंता का विषय है।

कैग ने जम्मू कश्मीर की सरकार को अपनी कमाई बढ़ाने और खर्चों पर बेहतर नियंत्रण रखने का सुझाव दिया है।

## अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने 178,000 नौकरियां जोड़ीं

वॉशिंगटन, (एपी)।

***अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने आश्चर्यजनक रूप से 1.78 लाख नई नौकरियां जोड़ीं, जिससे फरवरी की कमजोर स्थिति से उबरने में मदद मिली और बेरोजगारी दर घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई।***




श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि नियुक्तियों में यह उछाल फरवरी में 1.33 लाख नौकरियों के नुकसान के बाद वापसी का संकेत है। नौकरियों में हुई यह वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से लगभग तीन गुना अधिक रही।

बेरोजगारी दर फरवरी की 4.4 प्रतिशत से घटकर मार्च में 4.3 प्रतिशत हो गई। इसका एक कारण यह भी है कि मार्च में काम कर रहे और नौकरी की तलाश करने वाले लोगों की संख्या 3,96,000 कम हो गई, जिससे नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धा कम हुई।

स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों ने 76,400 नई नौकरियां बनाई। फैक्टरियों में 15,000 नई नौकरियां बनीं, हालांकि पिछले 16 महीनों में 14 महीनों में नौकरियों में गिरावट रही। निर्माण कंपनियों ने 26,000 नई नौकरियां दीं, संभवतः इसका एक कारण पिछले महीने का गर्म मौसम भी रहा।

औसत प्रति घंटा मजदूरी फरवरी की तुलना में 0.2 प्रतिशत और मार्च 2025 की तुलना में 3.5 प्रतिशत बढ़ी। यह वृद्धि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दो प्रतिशत वार्षिक मुद्रास्फीति लक्ष्य के अनुरूप है।

पिछले एक साल में अमेरिकी रोजगार बाजार सुस्त रहा है और ईरान में युद्ध ने आगे का परिदृश्य प्रभावित किया है। अधिकांश अर्थशास्त्रियों का कहना है कि युद्ध और बढ़ती ऊर्जा कीमतों का असर मार्च के आंकड़ों में पूरी तरह दिखाई नहीं दिया।

जेफरीज के मुख्य अमेरिकी अर्थशास्त्री थॉमस साइमन्स ने कहा कि आंकड़े ज्यादातर पिछली गतिविधियों पर आधारित है और हाल ही में ऊर्जा कीमतों में वृद्धि या ईरान युद्ध से जुड़े जोखिमों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

## सीमेंट, उपभोक्ता वस्तु कंपनियों को पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क कटौती से राहत की उम्मीद

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच उत्पादन और पैकेजिंग की बढ़ती लागत की चुनौतियों का सामना कर रहे उपभोक्ता वस्तुओं से लेकर सीमेंट जैसे उद्योगों को उम्मीद है***



कि विभिन्न पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क घटाने से निर्माताओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों को बहुत राहत मिलेगी। प्लास्टिक के लिए पेट्रोकेमिकल्स महत्वपूर्ण कच्चा माल हैं और इनकी कम लागत एफएमसीजी, खुदरा और उपभोक्ता वस्तु कंपनियों जैसे क्षेत्रों के लिए सस्ती पैकेजिंग सामग्री उपलब्ध कराती है। इससे सीमेंट जैसे अन्य क्षेत्रों को भी मदद मिलती है।

जेके लक्ष्मी सीमेंट के अध्यक्ष एवं निदेशक अरुण शुक्ला ने कहा कि 30 जून, 2026 तक पेट्रोकेमिकल उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर बुनियादी सीमा शुल्क से छूट देने का सरकार का कदम उद्योग के लिए राहत बनकर आया है।

उन्होंने बताया कि सीमेंट क्षेत्र में पॉलीप्रोपाइलीन और पॉलीइथाइलीन जैसे पॉलिमर का उपयोग पैकेजिंग और कुछ मूल्यवर्धित अनुप्रयोगों में किया जाता है। शुक्ला ने कहा, ''इनकी कीमतों में किसी भी तरह की कमी से सीमेंट प्रेषण में दक्षता सुधारने में मदद मिल सकती है।''

सरकार ने बृहस्पतिवार को पश्चिम एशिया के संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों के आयात को सीमा शुल्क से छूट दी थी। पार्ले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा कि उद्योग अभी भी पेट्रोकेमिकल उत्पादों के आयात पर सीमा शुल्क छूट के प्रभाव का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इनपुट कीमतों में उम्मीद के मुताबिक गिरावट आती है, तो इससे कंपनियों को महत्वपूर्ण राहत मिलेगी, जिससे वे कीमतों में बढ़ोतरी किए बिना वर्तमान स्तर को बनाए रख सकेंगी।

## एपीएसईजेड का वर्ष 2030 तक एक अरब टन मालवहन का लक्ष्यः अदाणी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अरबपति गौतम अदाणी ने शुक्रवार को कहा कि उनके समूह की बंदरगाह इकाई एपीएसईजेड ने वर्ष 2030 तक एक अरब टन माल की ढुलाई का लक्ष्य तय किया है। अदाणी का यह बयान अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के 50 करोड़ टन माल ढुलाई की उपलब्धि के बाद आया है।***

इस अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन अदाणी ने कहा कि समूह का बंदरगाह नेटवर्क अब भारत और विदेशों में 20 बंदरगाहों के एकीकृत सिस्टम के रूप में विकसित हो चुका है, जिससे यह व्यापार एवं लॉजिस्टिक गतिविधियों का एक प्रमुख आधार बन गया है।

उन्होंने कहा कि एपीएसईजेड का लॉजिस्टिक एवं समुद्री सेवाओं का कारोबार अगले पांच वर्षों में पांच गुना होने की उम्मीद है क्योंकि भारत ऐसे चरण में प्रवेश कर रहा है जहां लॉजिस्टिक क्षमता आर्थिक वृद्धि का रणनीतिक वाहक बनेगी।

अदाणी ने कहा कि यह उपलब्धि समूह की उस रणनीति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत वह देश की बढ़ती व्यापारिक और औद्योगिक मांग के अनुरूप बुनियादी ढांचा क्षमता का विस्तार कर रहा है।

विस्तार की गति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी को पहले 10 करोड़ टन माल की ढुलाई तक पहुंचने में 16 साल लग गए थे लेकिन इसके बाद वृद्धि तेज हुई और हाल के 20 करोड़ टन माल केवल चार वर्षों में जोड़े गए।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने कार्य निष्पादन में सुधार के लिए संगठनात्मक बदलाव किए हैं, जिनमें निर्णय प्रक्रिया को परिचालन स्तर के करीब लाने के लिए तीन-स्तरीय संरचना अपनाना शामिल है।

अदाणी ने कहा कि कंपनी दीर्घकालिक वृद्धि के लिए अपनी अगली कतार के कर्मचारियों और भागीदारों की भूमिका को मजबूत कर रही है।



उन्होंने 50 करोड़ टन मालवहन की उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस स्तर की उपलब्धियां केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि दीर्घकालिक दृष्टि और क्षमता निर्माण को भी दर्शाती हैं।





जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## अटूट आस्था के साथ नगर व क्षेत्र में मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव..

### शोभायात्रा, झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, हजारों लोगों ने पाई महाप्रसाद..





जगप्रेरणा लांजी।

*बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार... बल बुद्धि विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार.... जब-जब भक्तों ने इस विनय के साथ पवनपुत्र का स्मरण किया, तब-तब संकट अपने आप दूर होते गए। भगवान श्रीराम के वनवास काल में लंका तक मार्ग प्रशस्त करने से लेकर माता सीता की खोज*

और रावण की स्वर्ण नगरी में पराक्रम का परचम लहराने वाले बजरंगबली की गाथा आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। वहीं लक्ष्मण के मूर्छित होने पर संजीवनी बूटी के लिए पूरा पर्वत उठा लाने का अद्भुत प्रसंग भक्तों के मन में अटूट विश्वास और समर्पण की भावना जगाता है।

इन्हीं आदर्शों और अटूट आस्था के साथ 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को धर्मनगरी लांजी में हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरा नगर दिनभर 'जय श्रीराम और 'जय बजरंगबली के जयघोष से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। विशेष रूप से अभिनंदन बाल ग्रुप लांजी द्वारा विगत 22 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा इस वर्ष भी पूरे भव्य स्वरूप में देखने को मिली। पुराना राम मंदिर परिसर में प्रातः 6 बजे अभिषेक से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसके पश्चात दोपहर 12 बजे महाआरती एवं विधिवत पूजन किया गया। सायं 7 बजे आरती उपरांत एकल संच की महिलाओं द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जो रात्रि 10.30 बजे तक सतत जारी रहा।

इस दौरान शाम 7 बजे से महाप्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान शाम 7 बजे पुराने राम मंदिर से राम भक्तों के एक ग्रुप ने डीजे एवं राम दरबार की झांकी के साथ भव्य यात्रा निकाली जो देर रात्रि तक पुरे नगर का भ्रमण कर वापस राम मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

नगर के पुराना गुजरी चौक स्थित नया राम मंदिर प्रांगण में 'मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में दोपहर 1 बजे से महिलाओं द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसने भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। सायं 6.30 बजे महाआरती एवं 7 बजे से महाप्रसाद भोज का आयोजन हुआ, जिसमें नगरवासियों ने बढ-चढ़कर सहभागिता की। इसके अतिरिक्त पुरानी नगर पंचायत प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में अभिषेक, आरती, हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया।

दुल्हापुर स्थित हनुमान मंदिर में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुए। इस वर्ष का हनुमान जन्मोत्सव एक विशेष उपलब्धि के साथ भी यादगार बन गया, जब पुराना थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर का कायाकल्प कार्य पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं ने नवीन और सुसज्जित वातावरण में पूजा-अर्चना की। 'लाल देह लाली लसे, अरु धरि लाल लंगूर, वज्र देह दानव दलन, जय जय जय कपि सूर.. जैसे ओजस्वी श्लोकों और भक्ति गीतों के साथ पूरा लांजी भक्तिरस में सराबोर नजर आया।

यह उत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि शक्ति, सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। प्रभु श्रीराम एवं हनुमान भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह की भक्ति और सहभागिता भविष्य में भी नगर को धर्म और संस्कारों की राह पर अग्रसर करती रहेगी।

## वनांचल के युवक को जहरीले सर्प ने कांटा, वैद्यकीय उपचार से मिला नवजीवन..



जगप्रेरणा लांजी।

*मुख्यालय से 22 किमी दूर वनांचल ग्राम बीजागढ़ निवासी विनोद पिता चमरूलाल आचरे 22 वर्ष को 2 अप्रैल को शाम 6 बजे अपने घर में काम करते समय डांडेकार सांप ने उसको काट लिया। सांप को देखने के बाद उसने घर के अन्य लोगों को बताया।*

जिसके उपरांत परिजनों के द्वारा मोटरसाइकिल में बैठाकर लांजी इलाज के लिए लाया गया। रात्रि लगभग 8.30 बजे लांजी पहुंचने पर देखा कि युवक को जहर का असर बढ़ने लगा व कुछ देर बाद चक्कर आने लगे तो परिजनों द्वारा सीधे लांजी आत्माराम चन्ने के घर पहुंचे। लगभग तीन घंटे देरी से पहुंचेने के कारण जहर का असर काफी हो गया था। आत्माराम चन्ने के घर पहुंचते उनके द्वारा देखा गया एवं तुरंत ही वैद्यकीय पद्धति से उपचार प्रारंभ किया। दवा देते ही दवा का असर होने लगा एवं एक घंटे के भीतर जहर का असर खत्म होकर युवक पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गया। वैद्यराज आत्माराम चन्ने ने बताया कि काफी देर हो जाने के कारण युवक पर सर्प का जहर का असर अधिक हो गया था और कुछ देर उपचार नहीं मिलता तो जान भी जा सकती थी। सर्पदंश से पिड़ित रोगीयों का करते हैं निशुल्क उपचार - आत्माराम चन्ने

बता दें कि लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी आत्माराम चन्ने द्वारा सर्पदंश से पिड़ित लोगो का निःशुल्क इलाज कर उन्हे ठीक करने का काम कर रहे है। नगर व क्षेत्र के जितने भी लोग है जो सर्पदंश का शिकार हो रहे है, उनमें से अनेक लोग अपना इलाज करवाने के लिए आत्माराम चन्ने के निवास पर ही आते है। आत्माराम चन्ने बताते है कि उनके पूर्वजो द्वारा दादा कोटेश्वर भगवान की असीम कृपा से व वैद्यकीय विधि से सर्पदंश से पिड़ित लोगो का उपचार किया जाता रहा है। उसके उपरान्त वे भी विगत 45 वर्षो से सर्पदंश से पिड़ितों को सेवा भावना के साथ निःशुल्क उपचार कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे है। आपने बताया कि प्रतिवर्ष सर्प दंश के शिकार हुए अनेकों लोग उनके पास उपचार के लिए पहुंचते हैं एवं उपचार प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लिया।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर वसूली के मामले में 15 लोग गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में उद्योगपति के घर पर गोलीबारी कर दहशत फैलाने और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।*

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह मामला 16 मार्च का है जब कसरावद थाना क्षेत्र के भीलगांव में उद्योगपति दिलीप राठौर के घर पर मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने गोलीबारी की। इस घटना के अगले दिन उनसे 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 10 करोड़ रुपये की मांग एक विदेशी नंबर से व्हाट्सऐप कॉल के जरिए की गई। कॉल करने वालों ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया था और गोलीबारी का वीडियो भी भेजा था। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजपाल चंद्रावत सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से तीन कार, एक मोटरसाइकिल, चार पिस्तौल, 10 कारतूस, 10 मोबाइल फोन और 44 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि उज्जैन निवासी लोकेन्द्र पंवार और धार निवासी सचिन पाटीदार इस साजिश के मुख्य आरोपी हैं, जिनका उद्योगपति के साथ आर्थिक विवाद था। खरगोन के पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि इस मामले के खुलासे के लिए छह विशेष टीमों का गठन किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरों की सूचना के आधार पर की गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में गुजरात, हरियाणा और राजस्थान के कुछ लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के खिलाफभी प्राथमिकी दर्ज की गई है। हैरी बॉक्सर के विदेश में होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में से कई के खिलाफपहले से गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## पौड़ी में तेंदुए के हमले में चार वर्षीय बालिका की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड के पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल क्षेत्र में तेंदुए के हमले में चार वर्षीय बालिका की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे पोखड़ा क्षेत्र के भटकोट गांव में हुई। बच्ची दृष्टि रावत घर की चौखट के पास अपनी 10 वर्षीय बहन और दादी के साथ भोजन कर रही थी,*

तभी तेंदुआ अचानक उसे उठाकर जंगल की ओर भाग गया। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हुए और बच्ची की तलाश शुरू की। बाद में घर से करीब दो किलोमीटर दूर उसका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए जिलाधिकारी और प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) को बुलाने की मांग की तथा शव को उठाने से रोक दिया।

शुक्रवार सुबह चौबट्टाखाल की उपजिलाधिकारी रेखा आर्य और गढ़वाल के डीएफओ महातिम यादव के मौके पर पहुंचने के बाद बालिका के शव का घर के पास ही पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। डीएफओ महातिम यादव ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और उन्हें नियमानुसार हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने तेंदुए की निगरानी और लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

तेंदुए के आतंक को देखते हुए पोखड़ा और बीरोंखाल क्षेत्रों के स्कूलों में एहतियातन अवकाश घोषित किया गया है।खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर चार अप्रैल और छह अप्रैल को प्रभावित क्षेत्रों के स्कूल बंद रहेंगे, ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## गलती से दांत निगलना पड़ा भारी, खाने की नली में फंसा; जानें कैसे मौत के मुंह से लौटा वापस..



डेस्क जगप्रेरणा।

*राजधानी दिल्ली में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने गलती से नकली दांत निगल लिया, जो भोजन की नली में फंस गया।*

हालांकि सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने लेजर कटर की मदद से एक उन्नत एंडोस्कोपिक प्रक्रिया का उपयोग करते हुए नकली दांत को सफलतापूर्वक निकाल दिया। मरीज को एक बड़ी सर्जरी से बचने में मदद मिली।

### गलती से निगल लिया नकली दांत..

डॉक्टरों ने बताया कि मरीज जब अस्पताल लाया गया, तब उसे सांस लेने में तकलीफ, गले में दर्द और निगलने में कठिनाई की समस्या थी। उन्होंने बताया कि उसने गलती से अपना नकली दांत निगल लिया था जो खाने की नली और सांस नली के मिलने की जगह के ठीक नीचे ऊपरी 'इसोफैगस' (ग्रासनली) में फंस गया था। उन्होंने बताया कि उसे सीने में भी काफी तकलीफ हो रही थी।

### बाहर निकालना नहीं था आसान..

इमेजिंग अध्ययनों से पुष्टि हुई कि नकली दांत भोजन नली के एक नाजुक बिंदु पर मजबूती से फंसा हुआ था, जहां इससे ग्रासनली की परत के फटने का उच्च जोखिम था। इस मामले को बेहद चुनौतीपूर्ण बताते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर, **ILGPS** के अध्यक्ष अनिल अरोरा ने कहा कि इस मामले में पारंपरिक निष्कासन विधियों से चोट लगने का काफी जोखिम था।

### लेजर बीम से टुकड़ों में की कटिंग..

अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया, 'सटीक एंडोस्कोपिक मार्गदर्शन के तहत डॉक्टरों ने लेजर बीम का उपयोग करके ग्रासनली के अंदर फंसे हुए नकली दांत को छोटे-छोटे टुकड़ों में सावधानीपूर्वक तोड़ दिया ताकि उसे ग्रासनली के अंदरूनी भाग से अलग किया जा सके।' उन्होंने बताया

कि इसके बाद ऊपरी ग्रासनली में एक सुरक्षात्मक ट्यूब डाली गई ताकि आसपास के ऊतकों को टूटे हुए दांत के नुकीले किनारों से बचाया जा सके और प्रत्येक टुकड़े को सुरक्षित रूप से निकाला जा सके।

### बिना ओपन सर्जरी के निकाला बाहर..

वहीं गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सलाहकार श्रीहरि अनिखिंदी ने कहा कि लेजर-सहायता प्राप्त तकनीक से बिना ओपन सर्जरी के बाहरी वस्तु को निकालना संभव हो गया है। डाक्टरों ने बताया कि इस प्रक्रिया के बाद मरीज अब पूरी तरह ठीक है।

## अबू धाबी में मिसाइलों के मलबे के कारण पांच भारतीय घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा अवरुद्ध की गई मिसाइलों के मलबे के कारण अबू धाबी में शुक्रवार को पांच भारतीय नागरिक घायल हो गए।*

स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के अनुसार, प्राधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना में छह नेपाली नागरिकों और पांच भारतीय नागरिकों को मामूली से मध्यम चोटें आई हैं। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, एक अन्य नेपाली नागरिक गंभीर रूप से घायल हुआ है यानी कुल 12 लोग घायल हुए हैं। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूएई की वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को ईरान की ओर से दागी गई 18 बैलिस्टिक मिसाइल, चार क्रूज मिसाइल और 47 मानव रहित यान (यूएवी) को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही अवरुद्ध कर दिया। ईरानी हमलों की शुरुआत से अब तक यूएई की वायु रक्षा प्रणालियों ने 475 बैलिस्टिक मिसाइल, 23 क्रूज मिसाइल और 2,085 मानव रहित यान (यूएवी) को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से रोका है। बयान में बताया गया कि इन हमलों में सशस्त्र बलों के दो सदस्यों की मौत हुई है और सशस्त्र बलों के लिए अनुबंध पर काम कर रहा मोरक्को का एक नागरिक भी इन हमलों में मारा गया है। इसमें कहा गया है कि इन हमलों में अब तक पाकिस्तानी, नेपाली, बांग्लादेशी, फ्लस्तीनी और भारतीय नागरिकता के नौ लोगों की मौत हुई है।

## गुना में बुजुर्ग दंपति के शव उनके घर में पाए गए, आत्महत्या की आशंका..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मध्यप्रदेश के गुना शहर में शुक्रवार को एक बुजुर्ग दंपति के शव उनके घर में पाए गए। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है।*

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान 70 वर्षीय दिलीप कुमार गोयल और उनकी पत्नी किरण (65) के रूप में हुई है। दोनों के शव कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित धाकड़ कॉलोनी में उनके घर से बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि दिलीप कुमार का शव एक कमरे में फंदे से लटका पाया गया, जबकि उनकी पत्नी का शव दूसरे कमरे में बिस्तर पर पड़ा था। घटना का पता तब चला जब पड़ोसियों और परिजनों को संदेह हुआ।

अधिकारी ने बताया, 'प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जबकि उसकी पत्नी ने संभवतः जहर का सेवन कर अपनी जान दी। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।'

उन्होंने कहा कि पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए हैं और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। मृतक के पोते पंकज गोयल ने बताया, 'मेरी दादी लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं। उनका भोपाल और इंदौर सहित कई स्थानों पर इलाज चला था। कभी-कभी वह अपने बच्चों को भी नहीं पहचान पाती थीं।

दादा ने उनका काफी इलाज कराया।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता उस रात क्या हुआ। शाम करीब छह बजे बात हुई थी, तब दादा ने कहा था कि वह अगले दिन सुबह दाल-बाटी खाना चाहते हैं।' गुना की पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बताया कि दंपति के शव धाकड़ कॉलोनी स्थित उनके घर में पाए गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353


## जय श्री हनुमान से गुंजा आमगांव शहर..

# स्टेशन रोड स्थित मनसापुर्ण भगवान हनुमान मंदिर मे विभिन्न आयोजन..

### अदभुत छबी के दर्शन हेतु भक्तो का लगा रहा तांता..









**जगप्रेरणा आमगांव।**

*आमगाव शहर हुद्य-स्थल पर स्टेशन रोड स्थित मनसापुर्ण हनुमान मंदिर स्टेशन रोड का पुर्ण रुप से जीर्णोद्धार किया गया है मंदिर को सुंदरता प्रदान करने* हेतु मंदिर के अदरुनी एंव बाहरी भाग मे मार्बल एव लाईटीग की गई है मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद भगवान हनुमान की मुर्ती की पुर्ण प्राणप्रतिष्ठा की गई प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम 1 एप्रिल से सुरू हुआ जिसमे पुर्ण मंत्रोच्चार के साथ भगवान हनुमान की मुर्ती का अभिषेक किया गया जिसके बाद 1 एप्रिल को ही भगवान हनुमान की मुर्ती को नगरभ्रमन कराया गया जिसके बाद रात मे भगवान हनुमान की मुर्ती को शयन कराने के बाद हनुमान जन्मोत्सव पर 2 एप्रिल भगवान हनुमान जी की मुर्ती की जीर्णोद्धार हुये मंदिर मे पुर्ण विधी विधान के साथ प्राणप्रतिष्ठा की गई प्राणप्रतिष्ठा के बाद जीर्णोद्धार हुये मंदिर मे भगवान हनुमान की अदभुत छबी के दर्शन हेतु भक्तो का तांता लग गया हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रात 12 बजे भव्य आतिषबाजी कर भगवान हनुमानजी के जन्मे उत्सव की सुरुवात की गई सुबह मंत्रोच्चार के साथ भगवान हनुमानजी का अभिषेक किया गया उसके बाद महाआरती की गई महाआरती मे आमगाव शहर सहित आमगाव के आसपास के गावो के हनुमान भक्तो ने उपस्थिती दर्ज की हवनपुजन का आयोजन किया गया दोपहर मे शरबत वितरण मठ्ठे का वितरण किया गया शाम हनुमान जन्मोत्सव पर समुचा आमगाव जय श्रीराम एव जय श्री हनुमान से गुज उठा पुरा आमगाव शहर भगवान हनुमानजी के भक्ती मे डुब हुआ दिखाई दिया शाम 5:00 बजे भगवान हनुमान को 56 भोग लगाया गया एव भव्य महाप्रसाद का वितरण किया गया महाप्रसाद का लाभ लेने आमगाव सहित आसपास के हनुमान भक्तो ने उपस्थिती दर्ज कराई हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान हनुमान की अद्भुत क्षबी के दर्शन लेने हेतु मंदिर मे हनुमान भक्तो का ताता लगा रहा अष्टविनायक परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया।

# देवरी शहर में 'हनुमान जन्मोत्सव' का उत्साह, हजारों भक्तों को महाप्रसाद का वितरण..

### महापूजा, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और महाप्रसाद का आयोजन..





**जगप्रेरणा देवरी।**

*'पवनसुत हनुमान की जय' के जयघोष और भक्तिमय वातावरण के बीच गुरुवार को देवरी शहर में हनुमान जन्मोत्सव* का उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में तड़के से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। 'बजरंग चौक' स्थित ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं।

### धार्मिक अनुष्ठान और महाप्रसाद..

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर देवरी के विभिन्न मंदिरों में शास्त्रोक्त विधि-विधान से महापूजा, लघुरुद्र अभिषेक और महाअभिषेक संपन्न हुए। केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि व्याख्यान माला और भजन संध्या जैसे प्रबोधनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दोपहर के सत्र में हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई।

### बजरंग चौक मंदिर समिति की पहल..

शहर के अत्यंत प्राचीन और मध्यवर्ती स्थान बजरंग चौक (वार्ड क्रमांक 3) स्थित 'मनोकामना पूर्ण करने वाले' हनुमान मंदिर में विशेष तैयारियां की गई थीं। हनुमान मंदिर समिति की ओर से: **सामूहिक हनुमान चालीसा:** पाठ के स्वर से पूरा परिसर मंत्रमुग्ध हो गया। **भजन संध्या:** शाम के समय भक्ति संगीत के कार्यक्रम ने भक्तों को बांधे रखा। **आकर्षक सजावट:** पूरे मंदिर परिसर को विद्युत रोशनी और फूलों की मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था।

### शहर के सभी मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब..

सुबह से ही शहर के सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा के स्वर गूंज रहे थे। सुरभी चौक स्थित राम हनुमान मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ और महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, प्रभाग क्रमांक 7 के बजरंग चौक हनुमान मंदिर और धुकेश्वरी मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में शाम को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का वाचन किया गया। इन सभी स्थानों पर हजारों भक्तों ने महाप्रसाद का लाभ लिया। प्रसिद्ध माता धुकेश्वरी मंदिर परिसर में भी कार्यक्रमों की धूम रही। यहाँ नागपुर के सुप्रसिद्ध गायक हर्ष शर्मा द्वारा प्रस्तुत राम-हनुमान और श्याम भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

### बोले आयोजक देवरी..

'हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देवरीवासियों ने हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत अनुशासित और भक्ति भाव से मनाया। बजरंग चौक मंदिर शहर की आस्था का केंद्र होने के कारण यहाँ सुबह से ही भारी भीड़ रही। इसी प्रकार धुकेश्वरी मंदिर में भी भक्तों ने भजनों का आनंद लिया और पूरा शहर रामभक्ति में सराबोर हो गया।'

हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन से संपूर्ण देवरी शहर में चैतन्य और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। देर रात तक मंदिरों में भक्तों का आना-जाना लगा रहा।

# स्कूलों में खाना बनाने वाली महिलाओं को शिक्षक समिती सम्मानित करेगी..

### मानदेय में कम से कम 10,000 रुपये बढ़ाने के लिए आवाज़ उठाएगी..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली शिक्षक समिती ने सामाजिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए एक सराहनीय पहल की है। सम्मान सावित्री की लेक नाम से आयोजित इस पहल के तहत, स्कूलों में छात्रों के लिए खाना बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के इस वर्ग के योगदान को अक्सर नज़रअंदाज़ किया जाता है; फिर भी, शिक्षक समिती द्वारा उनके काम को सम्मानित करने का लिया गया फैसला सराहनीय माना जा रहा है।

'स्कूलों में मिड-डे मील स्कीम में काम करने वाली ये महिलाएं बहुत कम मानदेय पर ईमानदारी से सेवा कर रही हैं। वे हर दिन कड़ी मेहनत करती हैं ताकि छात्रों को समय पर, साफ़ और पौष्टिक खाना मिले। अक्सर, वे मुश्किल हालात में भी अपना फर्ज़ निभाती हैं। शिक्षक समिती ने ऐसी सावित्री की लेक को समाज में उचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से इस पहल को लागू करने का फ़ैसला किया है। इस पार्श्वभुमी में, आयोजकों ने भरोसा जताया है कि 13 अप्रैल को होने वाली तालुका सभा में इन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उनके काम को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें तारीफ के तौर पर तोहफ़े और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। इससे उनके काम को बढ़ावा मिलेगा और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।



### बोले संदीप तिड़के..

शिक्षक समिती ने स्कूलों में खाना बनाने वाली महिलाओं की मिनिमम सैलरी बढ़ाने की भी पहल की है। समिति ने मुख्य मांग यह रखी है कि इन कर्मचारियों को, जो अभी बहुत कम मानधन पर काम कर रहे हैं, कम से कम 10,000 रू. मानधन दी जाए। 13 अप्रैल की सभा में इस मुद्दे को उठाया जाएगा और सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया जाएगा। इसके लिए भविष्य में आंदोलन की दिशा तय की जाएगी और शिक्षक समिती हमारी खाना बनाने वाली बहनों के लिए पूरे समय खाने का इंतज़ाम पक्का करने के लिए पूरे महाराष्ट्र में लड़ाई लड़ेगी।

# देवरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: घरफोडी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 20 हजार का माल बरामद



**जगप्रेरणा देवरी।**

*देवरी पुलिस ने क्षेत्र में हुई एक चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।*

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन, चांदी के गहने और नकदी सहित कुल 20,000 रुपये का माल जब्त किया है।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 मार्च 2026 की रात को 'मोगा देवरी' इलाके में एक अज्ञात चोर ने घर में घुसकर मोबाइल और गहनों पर हाथ साफकर दिया था। इस मामले में पुलिस स्टेशन देवरी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(अ) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### तकनीक और सूचना से मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल के मार्गदर्शन में देवरी पुलिस ने जांच शुरू की। आधुनिक तकनीक और गुप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने शिवम मधुकर मडावी (उम्र 20 वर्ष), निवासी नवेगांवबांध (अर्जुनी/मोर) को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### बरामदगी और पुलिस टीम..

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया पूरा माल बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई को पुलिस निरीक्षक प्रवीण डांगे के नेतृत्व में श्रेणी पीएसआई माणिकपुरी, सपोनि गेडाम, पीएसआई गेडाम, पुलिस हवलदार हातझाडे, कांदे, पंधरे, मैंडे और पांडे की टीम ने अंजाम दिया।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### अचानक तबीयत खराब हुवे महीला की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंर्तगत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/ 3/ 2026 के रात 8 बजे के दरम्यान पोर्णीमा योगेश मस्के उम्र 22 वर्ष निवासी राजगुडा की घर मे तबीयत खराब हुई। उसे उपचार के लिये बीजेडब्लु ले गये वहा से केटीएस अस्पताल आय सी यु मे भर्ती किये थे। उपचार के दौरान तबीयत ज्यादा खराब होने से उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र पोस्टे डुग्गीपार मे प्राप्त होने से पोस्टे डुग्गीपार मे अकस्मात मौत क्रमांक 16/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाच पोहवा कोटांगले 1394 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### झाड लगाने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/4/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान पांढरी मे फर्यादी कन्हैय्या सदाराम सुलाखे उम्र 32 वर्ष निवासी पांढरी अपने घर के आंगन मे खडा था। पडोसी तिनो आरोपी दिखने पर फर्यादी ने कहा आप झाड अपनी जमीन ये लगाओ मेरी जमीन क्यो खोद रहे हो इस बात पर तिनो आरोपियोने गालीगलोच कर बास की लकडी और इटे से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 162/2026 धारा 118,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना जांभुळकर 1776 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### पुराने विवाद पर लकड़ी से मारकर किया जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/4/2026 के सुबह 11 बजे के दौरान फर्यादी भाऊराव शंकर तुमसरे उम्र 65 वर्ष निवासी मुरमाडी अपने खेत जा रहे थे। रास्ते मे तिनो आरोपी ने रोककर पुराने विवाद को लेकर मारपीट की और कहा तुने मेरे पिताजी को मारा था बोलकर लातघुसो और लकडी से मारकर जख्मी किया अस्पताल मे उपचार के दौरान दिये बयान पर तिनो आरोपीयो के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 364/2026 धारा 118,1,115,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बांते 1202 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### मोटरसायकल रोड पर रखने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/4/2026 के 11 बजे के दरम्यान बोरकन्हार मे फर्यादी मोशम अनिल शिंगाडे उम्र 30 वर्ष निवासी बोरकन्हार रोज की तरह अपनी भैसी चराने ले जा रहा था। रोड पर आरोपी ने अपनी गाडी रखी थी फर्यादी ने कहा ये गाडी रखने की जगह है क्या मै भैसी कहा से ले जाऊ तो आरोपी ने गालीगलोच करते हुवे कहा तेरे बाप का रोड है क्या, और बास की लकडी से सरपर मारकर जखमी किया आवाज सुनकर मा और बहन बिचबचाव करने आये तो उन्हें भी गालीगलोच कर मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 230/2026 धारा 118,1,352, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा परीहार 1429 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# मनरेगा योजना के तहत कुंओं का बकाया तुरंत दें - नामदेव किरसन..

### सभागृह में उठाया मुद्दा..




**जगप्रेरणा आमगांव।**

मनरेगा योजना के तहत किए गए कुओं और दूसरे कामों का बकाया बड़ी मात्रा में सरकार के पास प्रलंबित है और इसे तुरंत अदा किया जाना चाहिए, यह मांग गढ़चिरौली-चिमूर लोकसभा सांसद डॉ. नामदेव किरसान ने लोकसभा में 'शुन्य काल ' के दौरान की।

गढ़चिरौली-चिमूर चुनाव क्षेत्र भौगोलिक और आर्थिकरुप बहुत आव्हानतक है और यहां खेती मुख्य रूप से बारिश पर अवलंबित है। ऐसे में **MGNREGA** के तहत कुआं बनाने की स्कीम किसानों के लिए लाइफ्लाइन बन रही है। हालांकि, इस स्कीम के लिए मंजूर फंड समय पर न मिलने की वजह से सैकड़ों कुओं का काम आधा-अधूरा पड़ा है। इन कामों में हिस्सा लेने वाले गरीब मज़दूरों को कई महीनों से उनका बनता मेहनताना नहीं मिला है, जिससे पैसे की तंगी हो गई है। यह सिर्फ़ प्रशासन देरी नहीं है बल्कि गरीब लोगों की ज़िंदगी पर गंभीर असर डालने वाला मामला है, खा. किरसान ने साफ़ किया। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार के पास थकीत फंड तुरंत जिला प्रशासन को दिए जाएं, मजदूरों की बकाया मजदूरी बिना किसी देरी के सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाए, और अधूरे कुओं का काम तुरंत पूरा करने के लिए खास आर्थिक तरतुद किए जाएं।

# बदलते समय में अध्यापक और शैक्षणिक साधनों की भूमिका महत्वपूर्ण - मनीषा सपाटे



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***आज का युग तेजी से परिवर्तनशील है। विज्ञान और तकनीक के विकास ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, जिसमें शिक्षा का क्षेत्र भी शामिल है।***

वर्तमान समय में शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव आए हैं, जिसके कारण अध्यापक की भूमिका भी पहले की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण और बहुआयामी हो गई है। पूर्व में शिक्षा का मुख्य आधार केवल पुस्तकें और ब्लैकबोर्ड हुआ करते थे। अध्यापक ज्ञान का प्रमुख स्त्रोत होते थे और विद्यार्थी उन्हीं पर निर्भर रहते थे। लेकिन आज के डिजिटल युग में स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, मोबाइल ऐप्स और इंटरनेट जैसे आधुनिक शैक्षणिक साधनों ने शिक्षा को अधिक रोचक,सरल और प्रभावी बना दिया है। इन साधनों के माध्यम से जटिल विषयों को भी आसानी से समझाया जा सकता है। आज के अध्यापक को केवल विषय ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीकों का ज्ञान होना भी आवश्यक है। ऑनलाइन कक्षाएँ, वीडियो लेक्चर, ई-बुक्स और शैक्षणिक वेबसाइट्स के माध्यम से अध्यापक विद्यार्थियों को अधिक बेहतर और आकर्षक तरीके से शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। इससे विद्यार्थियों की रुचि बढ़ती है और वे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

इसके अतिरिक्त, तकनीकी साधनों की सहायता से विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन करना भी सरल हो गया है। ऑनलाइन टेस्ट, क्विज़ और असाइनमेंट के माध्यम से तुरंत परिणाम प्राप्त होते हैं, जिससे अध्यापक को विद्यार्थियों की कमजोरियों को पहचानने और उनमें सुधार करने में आसानी होती है। हालांकि, इन सभी साधनों के उपयोग के साथ-साथ संतुलन बनाए रखना भी अत्यंत आवश्यक है। तकनीक के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और मानवीय संबंधों का समन्वय करना भी अध्यापक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अंततः, यह कहा जा सकता है कि बदलते समय के साथ अध्यापक को स्वयं को निरंतर अपडेट करना आवश्यक है। आधुनिक शैक्षणिक साधनों का ज्ञान और उनका सही उपयोग ही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सक्षम और तैयार बना सकता है यह विचार सरस्वती विद्यालय, अर्जुनी मोरगांव की शिक्षिका मनीषा सपाटे ने व्यक्त किए।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### गोंदिया जिले के दासगांव मे दुखद हादसा..

## तेज रफ्तार टिप्पर की चपेट में आकर 45 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत, बेटी घायल..

**घटना के बाद पुरा ग्राम उतर आया सड़क पर, टायर जलाकर किया चकाजाम प्रदर्शन..**

**गोंदिया के ग्राम कटंगीकला की निवासी थी महिला..**





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में भले ही यातायात विभाग ने चालान कार्यवाही के कितने भी प्रयास किये हों, और चप्पे चप्पे पर यातायात पुलिस कर्मी वाहनों की जांच करने के लिये खड़े नजर आते हैं, लेकिन यातायात विभाग गोंदिया जिले में अवैध रेत टिप्परों पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रहे हैं।***

अभी कुछ दिनों पूर्व ही गोंदिया शहर के टी प्वाईंट पर मोड़ के समीप एक महिला और उसके बच्चे को रेत के टिप्पर ने कुचल दिया था, तथा घटना स्थल पर ही महिला और बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी, वहीं इसके अलावा भी शहर व जिले में रेत टिप्परों की चपेट में आकर अनेक लोग अकाल मृत्यु के शिकार हो चुके हैं, तथा गोंदिया जिले में ग्राम दासगांव में भी आज 3 अप्रैल को ऐसी ही एक घटना घटी जिसमें रेत टिप्पर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन से कट मारते हुए वाहन को बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे कि स्कूली चालक महिला टिप्पर की चपेट में आ गई, और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला का क्षत विक्षत शव घटना स्थल पर पड़ा था, जिस पर लोगों ने महिला के क्षत विक्षत शव को देख लोग सिहर ना जाए, इसलिये कपड़ा ढांक कर उसकी सुरक्षा की, जबकि वहीं दासगांव में इस घटना के बाद जहां ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर चकाजाम कर दिया, वहीं टिप्पर चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले भी कर दिया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार महिला रामेश्वरी धनलाल नागपुरेउम्र 45 वर्ष ग्राम कटंगी कला गोंदिया में वर्तमान में निवास कर रही थी, तथा मूल रुप से बालाघाट जिले के वारासिवनी तहसील अंतर्गत आरम्भा ग्राम की निवासी थी। वह अपनी बेटी के साथ अपनी सास के निधन उपरांत अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिये गांव आरम्भा जा रही थी, कि तभी आज दिनांक 03 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे दासगांव के बस स्टेंड के समीप एक टिप्पर चालक तेज रफ्तार से आया, और महिला को कट मारते हुए आगे बढ़ने लगा, तभी टिप्पर चालक के एक दम करीब होने के कारण महिला की स्कूली का बैलेंस बिगड़ गया, और वह टिप्पर के चके के नीचे आ गई, जिससे कि महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि वहीं महिला की बेटी वैष्णवी उम्र 17 वर्ष भी बूरी तरह से घायल हो गई, जिसे घटना के बाद उपचार के लिये गोंदिया के हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### चकाजाम आंदोलन के बाद पहुंचा भारी पुलिस बल..

गौरतलब है कि जैसे ही यह घटना घटी, आनन फानन में ग्राम दासगांव के ग्रामीण एकजुट हो गए, और मौके पर उपस्थित लोगों ने टिप्पर चालक को भागने नहीं दिया, बल्कि उसे पकड़कर पीट कर अपने कब्जे में ले लिया, तथा पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ड्रायवर रामटेक का निवासी है, जिससे पुलिस पुछताछ में जुटी है, जबकि वहीं घटना के बाद गुस्साए नागरिकों ने टायर जलाकर आने जाने का रास्ता बंद कर काफी देर तक चकाजाम प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रावणवाड़ी, दवनीवाड़ा और कारंजा पुलिस मुख्यालय से पुलिस बल भेजा गया, जिन्होंने कार्यवाही एवं परिवारजनों को मुआवजा राशि का भरोसा दिलाकर शांत कराया। जिसके बाद महिला का शव उसके परिवारजनों को सौंप दिया गया।

## गोंदिया के ठेकेदारों के भुगतान के बकाया 500 करोड़ , सरकार ने दिये सिर्फ 17 करोड़..

**गोंदिया जिले मे नाराज ठेकेदारों ने बैठक लेकर सभी निर्माण कार्य रोकने का लिया निर्णय..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***प्रदेश में जब से महायुति की सरकार बनी है, तब से सरकार के इस कार्यकाल में लगातार ठेकेदार वर्ग भुगतान नहीं होने से परेशान है। ठेकेदारों के ऊपर हजारों लाखों और करोड़ों की देनदारियां हो***

गई है, तथा सरकार ने विभिन्न निर्माण कार्य ठेकेदारों से पुर्ण करवा लिये हैं, लेकिन अब सरकार उन कार्यों का भुगतान नहीं कर रही है, इस स्थिति में अनेकों ठेकेदार कंपनियां दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गई है। इस स्थिति में आज गोंदिया जिले के सभी शासकीय विभागों में कार्यरत ठेकेदारों ने शासन द्वारा पर्याप्त निधि उपलब्ध न कराने के विरोध में आज से सभी सरकारी कामों को बंद करने का कड़ा निर्णय ले लिया है। गोंदिया जिला सरकारी ठेकेदार संघ की आयोजित एक महत्वपूर्ण सभा में यह फैसला लिया गया, जिसके बाद जिले में विकास कार्यों पर ब्रेक लगने की संभावना पैदा हो गई है।

### 500 करोड़ की मांग, मिले सिर्फ 17 करोड़

गौरतलब है कि आज गोंदिया में सभी ठेकेदारों की एक सभा संपन्न हुई, जिसमें सभा को संबोधित करते हुए ठेकेदार संघ के अध्यक्ष बॉबी वालिया ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों के लिए शासन से 500 करोड़ रुपये की निधि की मांग की गई थी।

इसके विपरीत, 31 मार्च की रात तक शासन ने केवल 17 करोड़ रुपये (मात्र 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत) की राशि ही आवंटित की है। पिछले तीन वर्षों में औसतन 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत निधि मिलती थी, और इस बार ठेकेदारों को 50-60 प्रतिशत निधि मिलने की उम्मीद थी, लेकिन शासन ने ठेकेदारों को बहुत बड़ा गच्चा दे दिया है, जिसके कारण ठेकेदारों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

### विभिन्न विभागों में करोड़ों का भुगतान बकाया

बैठक में बॉबी वालिया के समय यह जानकारी सामने आई कि पूरे महाराष्ट्र में 1,16,500 करोड़ रुपये में से केवल 96,400 करोड़ के देयक लंबित है, जो कि बहुत बड़ी राशि है। गोंदिया जिले के प्रमुख विभागों की स्थिति के बारे में ठेकेदार संघ ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण कार्य विभाग में 37 हजार करोड़ में से 29 हजार करोड़ बाकी हैं। जलजीवन मिशन व जीवन प्राधिकरण में 39 हजार करोड़ में से 35 हजार करोड़ बाकी हैं। ग्राम विकास व जलसंधारण विभाग में 8500 करोड़ में से 6500 करोड़ बाकी हैं। इसी प्रकार नगर विकास विशेष निधि के में 2700 करोड़ में से 2100 करोड़ का भुगतान अभी तक बाकी है।

### आंदोलन की चेतावनी..

ठेकेदार संघ ने स्पष्ट किया है कि वे अपनी मांगों को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सभी विभागों के मुख्य इंजीनियरों को निवेदन सौंपेंगे। यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं निकला, तो मंत्रालय के संबंधित सचिवों को ज्ञापन दिया जाएगा।

इसके बावजूद अगर निधि की समस्या हल नहीं हुई, तो सभी ठेकेदार सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

इस सभा में प्रमुख रुप से बॉबी वालिया (अध्यक्ष), विजय अग्रवाल (महा-सचिव), सुधीर मानकर (प्रदेश उपाध्यक्ष, बेरोजगार अभियंता), अनिल रहांगडाले, बंटी ठाकुर (अध्यक्ष, पानी पुरवठा), धीरज जेठानी (अध्यक्ष, नगर पालिका ठेकेदार), प्रशांत सिंह चव्हाण, दिनेश कोडवाणी, सुनील धमगाये सहित बड़ी संख्या में जि.प., पीडब्ल्यूडी और नगर परिषद के ठेकेदार उपस्थित थे।

## श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर घाटवाले हनुमान मंदिर में भक्ति और विकास का संगम..

**पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के हस्ते किया गया डिजिटल फलक का अनावरण**








जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गोंदिया शहर के घाटवाले श्री हनुमानजी मंदिर परिसर (अंडर ग्राउंड रोड) में 'घाटवाले हनुमानजी' एवं 'जय श्री महाकाल' के डिजिटल फलक का भव्य अनावरण समारोह पूर्व विधायक श्री राजेंद्र जैन के हस्ते संपन्न हुआ।***

इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। पूर्व विधायक श्री राजेंद्र जैन ने श्री हनुमानजी एवं बाबा महाकालजी की महाआरती में सहभागी होकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा महाआरती का लाभ लेकर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों के लिए आरोग्य, सुख, समृद्धि एवं विकास की कामना की। इस अवसर पर सर्वश्री राजेंद्र जैन, देवेंद्रनाथ चौबे, लोकेश (कल्लू)यादव, राजू एन.जैन, अमित भालेराव, हेमेंद्र पोद्दार, कान्हा यादव, अजय यादव, हरगोविंद चौरसिया, रौनक ठाकुर, तुषार ऊके, नरेंद्र बेलगे, शरभ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## प्रभु श्रीराम के भक्तों पर आए हर विघ्न को हरते है जागृत देव श्री हनुमान - विशाल अग्रवाल

**हनुमान जयंती के पर्व पर फुलचुर पेठ हनुमान मंदिर में विशाल गोपालदास अग्रवाल ने की पुजा-अर्चना..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***हनुमान जंयती के पावन अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रतिनिधी स्वरुप विशाल अग्रवाल ने ग्राम फुलचुरपेठ स्थित साई माऊली कॉलोनी के***

साई मंदिर परिसर में श्री हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, श्री हनुमान जागृतदेव है और आज भी इस भूलोक में वे प्रभु श्रीराम के सभी भक्तों की आवाज पर हर विघन को हरने का कार्य करते है। यह हर्ष की बात कि, नागरिकों में धर्म के प्रति आस्था-भक्तीभाव बढ़ रहा है। इन दिनों जिस प्रकार गांव-गांव में श्रीराम कथा, श्री भागवत कथा और श्री शिवमहापुराण के आयोजन बड़े पैमाने पर हो रहे है, निश्चित रुप से हर नागरिक को हमारे समृध्द धर्म और संस्कृति का सजीव चित्रण प्राप्त हो रहा है।

प्रमुख रुप से जिला सहकारी बैंक संचालक अरुण कुमार दुबे, पूर्व सरपंच अशोक लिचड़े, पूर्व सरपंच लक्ष्मीबाई निर्विकार, श्री सुलाखे, श्री बागडकर, श्री श्याम कावळे, कृष्णा बावणे, द्वारका मोर, लक्की अग्रवाल एवं अन्य श्रध्दालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञात हो कि फुलचुरपेठ सांई माऊली कॉलोनी स्थित उक्त हनुमान मंदिर का निर्माण तत्कालीन आमदार गोपालदास अग्रवाल की विकास निधी से 10-12 वर्ष पूर्व किया गया था, तभी से मंदिर के साथ पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल परिवार की आस्था जुडी है और मंदिर से जुड़े हर कार्य में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की उपस्थिती रहती है।

## पुंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय की छात्राओं की केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शानदार सफलता..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शिक्षण संस्थाद्वारा संचालित स्थानीय पुंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय के अध्यापक विद्यालय की छात्राएँ कु. प्राची राहुलकर एवं कु. मानसी गेडाम ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(सीटीईटी) प्राविण्य श्रेणी में उत्तीर्ण कर***

उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर के महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली इन छात्राओं ने अध्ययन में निरंतरता, लगन तथा अथक परिश्रम के बल पर यह सफलता हासिल की है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र निकोसे तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दिया है।

छात्राओं की इस सफलता पर गोंदिया शिक्षण संस्था के सचिव एवं पूर्व विधायक मा. राजेंद्र जैन, संस्था के संचालक मा .निखिल जैन, प्राचार्य डॉ. राजेंद्र निकोसे, डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष प्रा. ओमप्रकाश खंगार, डॉ. विनोद गेडाम, प्रा. वैशाली बघेले, ग्रंथपाल प्रा.शरद पाध्ये तथा समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उनका अभिनंदन किया है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com